वर्ष- 21 अंक - 318 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12



दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, सोमवार 04 मई 2026

# ममता नहीं, मोदी



## बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार

### असम, पुडुचेरी में भी खिला कमल, केरल में कांग्रेस
### तमिलनाडु में एक्टर विजय की धमाकेदार एंट्री

सोमवार ● एजेंसी

बंगाल सहित 5 राज्यों के चुनाव की मतगणना आज हो रही है। जिस बंगाल पर पूरे देश की नजर थी वहां बड़ा उलटफेर होता दिख रहा है। यहां ममता की दीदीगिरी खत्म हो रही है और मोदी का जादू यहां चल रहा है। बंगाल की कुल 294 सीटों में से बहुमत के लिए 147 सीटें चाहिए और भाजपा करीब 188 सीटों पर आगे चल रही है। जबकि ममता की पार्टी 98 सीटों पर आगे है। वहीं 2 सीटों पर लेफ्ट आगे है। अगर यही रुझान चलते रहे तो बंगाल में पहली बार भाजपा की सरकार बनेगी। कांग्रेस एक भी सीट पर आगे नहीं है।

### ममता बनर्जी आगे

खास बात यह है कि ममता बनर्जी भी पीछे चल रही थीं बाद में वे भवानीपुर में शुभेंदु अधिकारी से आगे हो गई हैं।




### असम में हिमंता का जलवा!

असम में मुख्यमंत्री हिमंता का जलवा बरकरार है। यहां भाजपा बहुमत के पार दिखाई दे रही है। कुल 126 सीटों में से 99 सीटों पर भाजपा आगे है और कांग्रेस 25 सीटों पर, अन्य 2 सीटों पर पर आगे चल रहे हैं।

### केरल में कांग्रेस ने लेफ्ट का तंबू उखाड़ा

केरल में कांग्रेस गठबंधन यूडीएफ ने 93 सीटों पर बढ़त बना ली है तो वहीं सत्तारूढ़ एलडीएफ सिर्फ 42 सीटों पर आगे चल रही है, जबकि बीजेपी ने 2सीटों पर बढ़त बना ली है। केरल में कांग्रेस गठबंधन बहुमत के करीब पहुंच गया है।

**पुडुचेरी में भी कमल-** पुदुचेरी में भी भाजपा बहुमत की ओर बढ़ रही है। यहां भाजपा गठबंधन एनडीए ने 15 सीटों पर बढ़त बना ली है, कांग्रेस 11 और अन्य 3 सीटों पर आगे है।

## तमिलनाडु में थलपति विजय की ब्लॉकबस्टर एंट्री

तमिलनाडु में एक्टर थलपति विजय की ब्लॉकबस्टर एंट्री हो रही है। थलपति की पार्टी ने 108 सीटों पर बढ़त बना ली है, जबकि मुख्यमंत्री स्टालिन कोलाथुर सीट से पिछड़ गए हैं। तमिलनाडु की 234 सीटों में से बहुमत के लिए 118 सीटें चाहिए। विजय ने इस चुनाव में मुख्यमंत्री स्टालिन की पार्टी द्रमुक को पीछे छोड़ दिया। द्रमुक 52, अन्नाद्रमुक 74 पर

### भाजपा दफ्तर में बनने लगीं जलेबी-पूड़ियां

**नई दिल्ली.एजेंसी। बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की जीत के बाद दिल्ली में भाजपा दफ्तर में जश्न का माहौल है। यहां जलेबी और पूड़ियां बनने लगी हैं।**

### चुनावी नतीजों से उछला शेयर बाजार

**मुंबई.एजेंसी। आज चुनाव नतीजों का असर शेयर बाजार पर भी नजर आया। आज बाजार खुलते ही सेंसेक्स ने 800 अंकों से ज्यादा की छलांग लगाई वहीं निफ्टी भी 250 अंक की तेजी के साथ खुला।**

## फिर गिरा पुल



**भागलपुर.एजेंसी।** बिहार के भागलपुर में रात को एक बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बचा। गंगा नदी पर बना विक्रमशिला ब्रिज का एक हिस्सा अचानक टूटकर गंगा नदी में गिर गया, लेकिन वहां मौजूद अधिकारियों की तेजी की वजह से पहले ही लोगों को हटा लिया गया था, इसलिए बड़ा हादसा नहीं हुआ। यह पुल साल 2001 में लगभग 200 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया था। करीब 4.5 किलोमीटर लंबा यह सेतु हजारों वाहनों और लाखों लोगों की रोजमर्रा की यात्रा का प्रमुख साधन था।

### मोदी ने जहां खाई थी झालमुड़ी वहां भाजपा आगे

पश्चिम बंगाल में झाड़ग्राम सीट पर जहां मोदी ने झालमुड़ी खाई थी वहां भाजपा आगे चल रही है।

### अजित पवार की पत्नी आगे

महाराष्ट्र में बारामती उपचुनाव का रुझान सामने आ गया है। यहां स्व. अजित पवार की पत्नी उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार आगे चल रही हैं। अजित पवार के निधन के कारण यह उपचुनाव हुआ।

### विजय रैली पर रोक

पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन आयुक्त कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि जीत हासिल करने वाले नेताओं को विजय रैली निकालने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

## टक्कर के बाद पहुंची भीड़ को कार ने रौंदा, 8 की मौत

**अंबेडकरनगर.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के अंबेडकर नगर में देर रात को दो बाइक की टक्कर के बाद बड़ी तादाद में लोग घटनास्थल पर पहुंचे। इसी दौरान एक बेकाबू कार इस भीड़ पर चढ़ गई जिससे 8 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए।

**एक परिवार के पांच मरे-** बिहार के रोहतास जिले में आज सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने बस और पिकअप में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

**अयोध्या से लौट रहे 6 की मौत-** उत्तरप्रदेश के जालौन जिले में अयोध्या से लौट रहे लोगों की कार आगे चल रही गाड़ी में जा घुसी जिससे कार में सवार 6 लोगों की मौत हो गई।

### पत्नी और चार बच्चों का हत्यारा एनकाउंटर में ढेर

**अंबेडकरनगर.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के अंबेडकरनगर में पुलिस ने आमिर नामक एक शख्स को मुठभेड़ में मार गिराया। आरोप है कि उसने अपनी पत्नी और चार बच्चों की हत्या की थी। पहले यह खबर आई थी कि आमिर की पत्नी ने चार बच्चों की हत्या की और फिर वह भाग गई, लेकिन बाद में जब आमिर की पत्नी की भी लाश मिली तो पुलिस को शक हुआ कि यह



हत्याएं आमिर ने की। पुलिस ने आमिर को घेरा और एनकाउंटर में उसकी मौत हो गई। इस एनकाउंटर में दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए।

# मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने की ब्रिक्स कृषि कार्य समूह सम्मेलन की समीक्षा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के अंतर्गत कृषि कार्य समूह का महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आगामी 9 से 13 जून तक इंदौर के ग्रेंड होटल में होगा। पांच दिवसीय इस उच्च स्तरीय सम्मेलन में 21 देशों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक, नीति निर्धारक एवं विशेषज्ञ शामिल होंगे। सम्मेलन को लेकर रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पूर्व मुख्यमंत्री, केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान ने बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा यह सम्मेलन प्रदेश के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण अवसर वाला है। सम्मेलन में शहर की स्वच्छता, हरियाली और सुंदरता अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के सामने उत्कृष्ट रूप में प्रदर्शित होना चाहिए। उन्होंने नगर निगम, पुलिस प्रशासन, पर्यटन, लोक निर्माण, स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आयोजन स्थलों, प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष साफ-सफाई, आकर्षक सजावट और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि सम्मेलन के दौरान मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक कला, पारंपरिक खान-पान और कृषि नवाचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाए।

विदेशी प्रतिनिधियों के लिए विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदेश भ्रमण और कृषि उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। स्वागत भी मालवा और इंदौर की परम्परानुसार होना चाहिए। केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि सम्मेलन में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, यूगांडा, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, मलेशिया, नाइजीरिया, थाईलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, कोलम्बिया, इंडोनेशिया सहित कुल 21 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि विश्व के लगभग 68 प्रतिशत किसान इन देशों में निवास करते हैं। उन्होंने कहा कि आयोजन की सभी व्यवस्थाएं अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हों। इस दौरान इंदौर के जनप्रतिनिधि भजापा नेता और अधिकारी भी मौजूद रहे।



## जैन समाजजनों द्वारा बड़ा साफा पहनाने से गदगद हुए विजयवर्गीय

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** दिगम्बर जैन समाज समाजिक संसद की शपथ विधि में नवीन गोधा और आनन्द गोधा के बुलावे पर पहुंचे मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का विशेष बड़ा साफा पहनाकर सम्मान किया और उन्हें स्मृति चिह्न भी अलग दिया तो विजयवर्गीय के चेहरे पर अलग ही खुशी की मुस्कान दिखाई दी और गदगद विजयवर्गीय ने दिगम्बर जैन समाजजनों की प्रशंसा भी की। राजेन्द्र राठौर, महेन्द्र जैन सहित अन्य मौजूद थे।

## कांग्रेस नेता ने बनाई समिति की टीम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कांग्रेस नेता और पिछडा लोकसभा अध्यक्ष के साथ सेवा सेतु शिक्षा एवं जनकल्याण समिति के शहर अध्यक्ष हिमांशु यादव ने अपनी समिति की टीम का कुनबा बढ़ाया। पदाधिकारी हिमांशु यादव, शैलेष त्रिपाठी, मोहितानंद महाराज, सरिता तिवारी की मौजूदगी में 15 की कार्यकारिणी में 1 संगठन मंत्री 1 प्रवक्ता 1 कोषाध्यक्ष 5 उपाध्यक्ष 3 महामंत्री 1सचिव 1 मीडिया प्रभारी 1 सह संगठन मंत्री 1 शहर कार्यकारणी सदस्य नियुक्त किए गए। सभी को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



## कांग्रेस जनसमस्या प्रकोष्ठ में लश्करी को बनाया जिम्मेदार



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ में प्रदेश अध्यक्ष विवेकसिंह तोमर ने जतीन लश्करी को जनसमस्या निवारण प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया। पदभार भी ग्रहण हुआ और पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी दिए गए। नियुक्ति पर अर्चना जायसवाल, दिलीप राजपाल, शकुंतला बडे, शेख शाकिर, देवेन्द्रसिंह यादव, अजय सीतलानी, प्रकाश महावर कोली ने बधाई दी ।

## भाजपा नेता वालिया ने कराया ठंडाई का वितरण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 2 से जुड़े भाजाप नेता और सुखलिया व्यापारिक एसोसिएशन के सुरजीतसिंह वालिया, भाजपा नेता चंदू कुंजीर, ओम पानेरी ने तपती गर्मी में लोगों को राहत के लिए ठंडाई का वितरण किया।



## कांग्रेस नेताओं ने गमछे की गर्मी गिफ्ट के साथ छाछ का वितरण भी किया

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**

शहर कांग्रेस सचिव बंटी बदलानी ने कल मानव सेवा के अन्तर्गत बढ़ रही गर्मी में लोगों को राहत दिलाने के लिए पलसीकर कालोनी सहित अन्य चौराहों पर गमछो के वितरण का आयोजन किया। गर्मी की इस गमछा गिफ्ट के साथ राहत के लिए छाछ का वितरण भी किया गया। 'मानव सेवा ही माधव सेवा' के संकल्प के साथ हुए आयोजन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, बंटी बदलानी, पवन वर्मा,मधुसूदन भलिका, देवेंद सिंह यादव, गुरजोत सिंह गिल, शिनू धवन, बंधन शुक्ला, जीतू पंजाबी, संदीप कुंदवानी मौजूद थे।



## मुख्यमंत्री ने लिया जैन संत से आशीर्वाद

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**



तिलक नगर स्थित श्री राजेंद्रसूरी आराधना भवन में आयोजित जैन प्रतिष्ठा महोत्सव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिरकत की। आचार्य श्री हितेशचन्द्रसूरीश्वरजी म.सा. से मुख्यमंत्री ने आशीर्वाद भी लिया। मुख्यमंत्री ने बडी संख्या में मौजूद जैन समाजजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जैन धर्म की मूल शिक्षाओं अहिंसा, सत्य, तप, संयम और सेवा की सराहना करते हुए कहा कि ये सिद्धांत न केवल व्यक्ति के जीवन को श्रेष्ठ बनाते हैं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जैन समाज ने हमेशा से देश के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में अग्रणी योगदान दिया है। मेघराज जैन, सुजानमल सेठ, प्रेमकमल बागरेचा, संजय मोदी, अनूप कटारिया, सौरभ चौपडा, ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। गायक राजीव विजयवर्गीय, देवेश जैन ने प्रस्तुति दी।



## गैस सिलेंडर पर चढ़ाई कांग्रेसियों ने फूल माला

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव एवं सुनील यादव ने बताया कि राजीव विकास केन्द्र के साथ मिलकर कमर्शियल गैस सिलेंडर के महंगे होने पर महंगाई बढ़ेगी, खासतौर से खाद्य पदार्थों पर इसका सीधा असर पड़ेगा इसलिए कांग्रेसियों ने आम लोगों को साथ लेकर कमर्शियल गैस सिलेंडर रखकर उस पर पुष्पमाला चढ़ाई। भाजपा की केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की गई और कहा कि इससे होटल और रेस्टारेंट के अलावा छोटे-मोटे खाद्य विक्रेताओं को परेशानी का सामना करना पड़ेगा और इससे खाद्य पदार्थ महंगे होंगे। कमलेश पाठक, जौहर मानपुरवाला, संजय अरोड़ा, राजा प्रजापति, नितेश भारद्वाज, उस्मान गनि मुल्तानी, विलियम संदवानी, बरकत खान, लवेश यादव, वहाब खान, विनोद वर्मा, पीके उपाध्याय, संजय शुक्ला, सत्यनारायण शर्मा, सावन सिलावट, अशोक चौधरी, मूलचंद राठौर, अख्तर जावेद सहित अन्य मौजूद थे।

# बिजासन क्षेत्र माहेश्वरी समाज चुनाव में पैनल संयोजक सोमानी का सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

बिजासन क्षेत्र माहेश्वरी समाज में सालोंसाल के निर्वाचन में आमने-सामने के चुनाव हो रहे हैं, इस बार भी पदाधिकारियों और कार्यकारी मंडल के चुनाव गत रविवार को हुए थे। कल रविवार को जिला कार्यकारी मंडल और बिजासन क्षेत्र कार्यसमिति के चुनाव हुए और परिणाम भी कल दोपहर में आए। महेश पैनल के संयोजक ओम सोमानी ने बताया कि पैनल के जिला सभा में 16 और कार्यसमिति में भी बहुमत आया है। सामने वाली पैनल उमा महेश के जिला में 3 और कार्यसमिति में करीब 7 सदस्य आए हैं। चुनाव परिणाम के बाद सभी विजेताओं का सम्मान किया गया और दोनों पैनल के कर्ताधर्ताओं ने कहा कि अब आगे समाज का काम



मिलजुलकर करेंगे। पैनल संयोजक ओम सोमानी का विजेताओं की ओर से सम्मान भी किया गया। जिला सभा के 9 क्षेत्रीय संगठनों में 8 क्षेत्रीय संगठनों के चुनाव जिला स्तर तक के हो चुके हैं। केवल पूर्वी क्षेत्र का चुनाव होना बाकी है। पूर्वी क्षेत्र के सोशल मीडिया पर भी चुनाव निरस्त करने को लेकर चुनाव अधिकारियों पर गड़बड़ी का आरोप लगाया जा रहा है, गलत फार्म ले जाने के बाद उनके फार्म निरस्त करने की जगह चुनाव निरस्त किए। एक सदस्य तो इंदौर के बाहर माहेश्वरी समाज में पदाधिकारी है उन्हें भी यहां चुनाव लड़वा दिया गया था उस पर भी शिकायतें हुई है। इधर अब जिला कार्यसमिति, पश्चिमांचल सदस्य, महासभा सदस्य के चुनाव भी सभी क्षेत्रों में होना है, वहीं अब मुख्य चुनाव जिला सभा का होना है।

# भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बंगाल की बधाई देना की शुरू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

लगातार तीन विधानसभा चुनाव से भाजपा पश्चिम बंगाल में बड़ा किला लड़ा रही थी। गत बार भाजपा ने बड़ी बढ़त पश्चिम बंगाल में बनाई थी और इस बार भाजपा शुरू से ही बंगाल में सरकार बनाने को लेकर लड़ाई लड़ रही थी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित भाजपा के तमाम दिग्गज नेता पश्चिम बंगाल में सरकार के लिए प्रचार-प्रसार से लेकर हर चीज पर लगे हुए थे, आज सुबह तक जो रुझान सामने आए उसमें भाजपा की सरकार पहली बार पश्चिम बंगाल में बनती दिख रही है, रुझान के बाद से ही भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर एक-दूसरे को बधाई दी और सरकार बनने पर खुशी का इजहार भी किया। इधर आज भाजपा कार्यालय पर खुशी का इजहार किया जा रहा है। भाजपा नगर पदाधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता भी भाजपा कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रही बंगाल की जीत पर एक-दूसरे को बधाई देते दिख रहे हैं। बताया गया कि आज शाम राजवाड़ा पर भी भाजपाई बंगाल की जीत का जश्न मनाएंगे। यहां पटाखे भी फोड़े जाएंगे, मिठाई का वितरण भी होगा।

**कार्यालय पर खुशी का इजहार, राजवाड़ा पर भी शाम को पहुंचेगे भाजपाई**

# भाजपाइयों ने की कामकाजी बैठक




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 5 के ज्योतिबा फुले मंडल में कामकाजी बैठक अध्यक्ष दीपक राजौरिया ने बुलाई। आगामी कार्यक्रम और संगठन को लेकर चर्चा की गई। दीपक राजौरिया, मलखान कटारिया, नरेश पुरोहित, जसराज शर्मा, प्रताप राजौरिया, देवांश खंडेलवाल, दिलीप सिसोदिया, मुकेश बांसुरिया, रेमसिंह बघेल, कपिल पांड्या, लोकेश गुर्जर, वारिस खान, ओमप्रकाश चंदेल, सुनील सिंह, दिनेश यादव, भगवती उपाध्याय, राम यादव, राम मीणा, केशव मीणा, ओम परमार, जीतू नेरिया, फरीद अंसारी, अफजल खान, राम यादव, शरद वर्मा, कमला जायसवाल, सुनीता कौशल, शबाना खान, सूरज यादव कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# जैन समाजजनों के बीच पहुंचे शहर के प्रथम नागरिक



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप विद्या सागर का शपथ विधि समारोह कल किया गया। शपथ के पहले कई प्रतियोगी गेम भी पदाधिकारियों और समाजजनों ने खेले अतिथि के रूप में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, आईएएस अधिकारी प्रति जैन, नरेन्द्र जैन, राकेश विनायका पहुंचे थे। मुकेश बाकलीवाल ने सभी को शपथ दिलाई। संतोष जैन, चक्रेश बड़कुल की मौजूदगी में सुनील-अनिता जैन, रमेश-मंजू जैन, संतोष सुनीता जैन, केएल जैन - शशिप्रभा जैन और कार्यकारिणी ने शपथ ली। अनुराग जैन, अंजलि पंकज मोदी ने अपनी भूमिका निभाई।

# जैन महासंघ को करना चाहिए संवाद बैठक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

महावीर जन्म कल्याणक दिवस पर नवकारसी आयोजन को लेकर उपजा विवाद अब श्वेतांबर जैन महासंघ के भीतर नेतृत्व, जवाबदेही और न्यासीय भूमिका पर गंभीर बहस का विषय बन चुका है। एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी यह विवाद सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया और डिजिटल मंचों पर लगातार चर्चा में बना हुआ है, किंतु अब तक महासंघ न्यास की ओर से कोई औपचारिक संवाद बैठक नहीं बुलाए जाने से समाज में असंतोष गहराता जा रहा है। महासंघ के 1652 सदस्यों के बीच अब यह सवाल मुखर होने लगा है कि जब संस्था की प्रतिष्ठा सार्वजनिक रूप से विवादों में घिर चुकी है, अध्यक्ष पर मानहानि नोटिस तक आ चुका है और समाज की छवि लगातार प्रभावित हो रही है। कुछ लोग सोशल मीडिया पर न्यासियों पर निष्क्रियता का आरोप भी लगा रहे है। मानहानि नोटिस के बाद संस्थागत साख और नेतृत्व की विश्वसनीयता का प्रश्न बन गया है। ऐसे में न्यास की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि संस्था के संरक्षक माने जाने वाले न्यासियों से समाज को मध्यस्थता, संवाद और समाधान की अपेक्षा है। कई दिग्गज इसमें शामिल है। समाज के बीच अब यह प्रश्न उठ रहा है कि जब इतने अनुभवी और प्रभावशाली न्यासी संस्था में मौजूद हैं, तब अब तक इस विषय पर सामूहिक बैठक क्यों नहीं बुलाई गई? समाज के वरिष्ठ और प्रबुद्धजन लगातार यह अपील कर रहे हैं कि न्यासी सक्रिय हस्तक्षेप करें, दोनों पक्षों को साथ बैठाएँ और विवाद को सार्वजनिक टकराव से निकालकर समाधान की दिशा दें।

**भैरव भक्तों ने भी की समाधान की मांग**

**भगवान महावीर के जन्म कल्याणक जुलूस के पहले नवकारसी विवाद में अब देशभर के हजारों भैरव भक्त भी रुचि ले रहे हैं और 22 हजार से अधिक प्रतिक्रियाएं भैरव भक्तों द्वारा की आई, जिन्होंने महासंघ से समाधान की मांग की। यह विवाद अब इंदौर के बाद प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर भी सोशल मीडिया द्वारा पहुंच गया है और सोशल मीडिया पर ही भैरव भक्त प्रतिक्रियाएं व्यक्त कर रहे हैं।**

# हार्डवेयर कारोबारी ने खुद को गोली मारकर की खुदकुशी

## पत्नी के विदेश जाने को लेकर हुआ विवाद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

विजयनगर क्षेत्र में एक बड़े हार्डवेयर व्यवसायी ने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय घर पर मृतक और उनकी पत्नी मौजूद थे। एसीपी पराग सैनी के अनुसार, सुधीर पटानी (62) निवासी शांति निकेतन का ट्रांसपोर्ट नगर में हार्डवेयर का बड़ा कारोबार है। उनके दोनों बच्चे वर्तमान में विदेश में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि उनकी पत्नी भी बच्चों के पास विदेश जाने की तैयारी कर रही थीं, लेकिन सुधीर पटानी उन्हें विदेश भेजने के पक्ष में नहीं थे। इसी बात को लेकर पिछले कुछ समय से घर में तनाव का माहौल था। सोमवार को इसी विषय पर पति-पत्नी के बीच एक बार फिर तीखी बहस हुई। विवाद के बाद सुधीर पटानी गुस्से में अपने कमरे में गए और वहां रखी अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद पर फायर कर दिया। गोली की आवाज सुनकर पत्नी और आसपास के लोग कमरे की ओर दौड़े, जहाँ सुधीर लहूलुहान अवस्था में मिले। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही विजयनगर पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुँची। पुलिस ने मौके से रिवॉल्वर जब्त कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज कर रही है ताकि विवाद की वास्तविक वजह और घटनाक्रम की स्पष्ट जानकारी मिल सके।



# थाना में मना सुख्यानी का जन्मदिन, प्रभारी से लेकर पूरा स्टाफ खड़ा रहा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आजाद नगर थाना में मूसाखेड़ी व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं नगर सुरक्षा समिति थाना आजाद नगर के संयोजक मुकेश सुख्यानी का अवतरण दिवस मनाया गया। थाना में ही फूल मालाओं से सुख्यानी को लादा गया। थाना प्रभारी लोकेशसिंह भदौरिया की मौजूदगी में केक काटा गया, सुख्यानी का मुंह मीठा क़राया। इस दौरान थाना के सभी पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# सड़क की चौड़ाई घटा दी फिर भी जिंसी की सड़क पर तोड़फोड़ नहीं बढ़ी

## महापौर ने दौरा कर नागरिकों से 3 दिन में निर्माण हटाने की अपील की थी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम के द्वारा जनता की इच्छा और आकांक्षा के अनुरूप सड़क की चौड़ाई को घटा दिए जाने के बावजूद नागरिकों के द्वारा सड़क के निर्माण में बाधक निर्माण हटाने का कार्य स्वमेव रूप से शुरू नहीं हो सका है। बड़ी संख्या में लोग अपने निर्माण नहीं हटा रहे हैं और इस बात का रास्ता देख रहे हैं कि जब निगम सड़क बनाएगा तब हटा लेंगे।**

नगर निगम के द्वारा जिंसी से लेकर लक्ष्मीबाई प्रतिमा चौराहा तक 80 फीट चौड़ाई की सड़क का निर्माण किया जाना था। नागरिकों के द्वारा इस सड़क की चौड़ाई का विरोध किया जा रहा था। नागरिकों का कहना था कि यदि इतनी ज्यादा चौड़ाई में इस सड़क का निर्माण किया जाएगा तो उसे हमारे निर्माण बहुत ज्यादा टूट जाएंगे। ऐसे में हमारा नुकसान बहुत ज्यादा होगा। नागरिकों के द्वारा इस सड़क की चौड़ाई को 20 फीट कम करने की मांग की जा रही थी। यह मांग नागरिकों ने नगर निगम और क्षेत्र के विधायक तक पहुंचा दी थी।

नागरिकों के द्वारा उठाई जा रही इस आवाज पर विचार करते हुए नगर निगम के द्वारा पिछले दिनों इस सड़क की चौड़ाई को घटाकर 60 फीट करने का फैसला ले लिया गया। इसके बाद महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा इस क्षेत्र का दौरा करते हुए नागरिकों से अपील की गई थी कि वह अब अगले तीन दिन के अंदर अपने निर्माण हटा लेवे ताकि नगर निगम तेज गति के साथ इस सड़क का निर्माण करवा सके। महापौर के द्वारा दिए गए तीन दिन के समय में से 2 दिन बीत चुके हैं। इसके बाद भी अभी बड़ी संख्या में लोगों के द्वारा अपने निर्माण हटाने का काम शुरू नहीं किया गया है। कुछ नागरिकों ने तो अपने निर्माण हटाने के लिए मजदूर लगाने का काम पहले से ही कर लिया था। बाकी शेष नागरिक इस बात का इंतजार कर रहे हैं कि जब नगर निगम सड़क बनाने के लिए आएगा उस समय पर अपने निर्माण को हटा लेंगे। निगम के आने का इंतजार कर रहे इन नागरिकों के द्वारा अभी अपने सड़क की चौड़ाई में बाधक निर्माण को तोड़ने का कोई काम शुरू नहीं किया गया है। नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा कल शाम को भी इस सड़क का दौरा किया गया। इस दौरे की जानकारी उनके द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई।

इस दौरे में निगम के अधिकारियों ने यह पाया है कि अधिकांश नागरिकों के द्वारा अपने बाधक निर्माण जिस पर की निगम के द्वारा पहले से ही निशाना लगाने की कार्रवाई की जा चुकी है उसे भी हटाने का काम नहीं किया जा रहा है। अब संभव है कि नगर निगम की ओर से इस सड़क पर अपनी गाड़ी के माध्यम से अनाउंसमेंट करा कर नागरिकों को निर्माण हटाने के लिए प्रेरित करने का कार्य किया जाए।



## एयरपोर्ट रोड पर महापौर ने जनता की शिकायतों को सुना

### राजमोहल्ला पर भी देखी सफाई व्यवस्था

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एयरपोर्ट की ओर जाने वाले प्रमुख चौराहे का भी अवलोकन कर यातायात एवं सफाई व्यवस्था को संतुलित करने पर अधिकारियों से चर्चा कर निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने स्थानीय रहवासियों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य अश्विनी शुक्ला, नगर निगम के जोनल अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी उपस्थित रहे। भार्गव ने राजमोहल्ला चौराहे का भी स्वच्छता निरीक्षण किया। साथ ही सार्वजनिक शौचालयों का औचक निरीक्षण किया और वहां के व्यवस्थापक को निर्देश दिए। वहां भी नागरिकों से चर्चा कर व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के लिए कहा।

## दिगम्बर जैन समाज चुनाव में जुड़ेगा परिवार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद की कल बैठक के बाद अध्यक्ष विनय बाकलीवाल ने कहा कि जो घोषणाएं पूर्व में की गई थी, उसे पूरी करने के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं। संविधान संशोधन भी किया जाएगा और उसमें महत्वपूर्ण यही रहेगा कि आगामी चुनाव में दिगम्बर जैन समाज के प्रत्येक परिवार को जोड़ा जाए और हर परिवार से सदस्य बनाया जाए। साथ ही समाज के लिए बड़ा मैरिज गार्डन बनवाना भी हमारी प्राथमिकता है। संविधान संशोधन के लिए अशोक बड़जात्या के नेतृत्व में कमेटी बनाई गई। सौरभ पाटोदी को कार्यकारी अध्यक्ष की शपथ दिलाई गई। विनय बाकलीवाल, जैनेश झांझरी, नकुल पाटोदी, एमके जैन, नरेन्द्र वेद, रेखा जैन, महावीर जैन, जयदीप जैन, धर्मेन्द्र जैन, ऋषभ पाटनी, विपिन गांधी, भरत जैन, मनोज बाकलीवाल, मुकेश टोंग्या, धीरेन्द्र कासलीवाल, संदीप जैन सहित अन्य मौजूद थे।

## देपालपुर का दौरा करने पहुंचे महापौर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज सुबह देपालपुर का दौरा किया। इंदौर नगर निगम द्वारा स्वच्छ जोड़ी में देपालपुर को अपना पार्टनर बनाया है। देपालपुर को स्वच्छ करने के लिए नगर निगम द्वारा वहां पर काफी कार्य किया गया है। इन कामों का अवलोकन करने और वहां के नागरिकों से चर्चा करने के लिए आज महापौर देपालपुर पहुंच गए। उन्होंने वहां पर ग्रामीण चौपाल में नागरिकों से चर्चा कर उनसे सुझाव लिए। नगर परिषद अध्यक्ष स्थानीय पार्षद, रहवासी मौजूद रहे। महापौर ने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, सफाई व्यवस्था और नालियों की स्थिति का जायजा लिया और देपालपुर की मंडी का निरीक्षण करते हुए महापौर ने इसे और अधिक व्यवस्थित, आकर्षक और कलरफुल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने इंदौर की तर्ज पर एकरूपता के साथ साइन बोर्ड और व्यवस्थाएं विकसित करने की बात भी कही। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने स्थानीय दुकानदार और रहवासियों से मालवी भाषा में संवाद भी किया, जिससे वहां के लोग भी गदगद हो गए। आरआरआर सेंटर का उद्घाटन भी महापौर ने किया।



### महापौर बिहार चुनाव परिणाम के बाद बंगाल चुनाव परिणाम के समय भी बड़ेगांव पहुंचे

यह संयोग है कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव पिछली बार बड़ेगांव देपालपुर आए तो उस समय बिहार विधानसभा का परिणाम आ रहा था और वहां भाजपा गठबंधन की सरकार बन रही थी तब भी खुशी का इजहार किया था, आज फिर भाजपा की पहली बार सरकार पश्चिम बंगाल में बनती दिख रही है और परिणाम आ रहे हैं और आज के दिन भार्गव फिर बड़ेगांव देपालपुर के दौरे पर है।

# सर चढ़कर बोल रहा है पानी का संकट

## निगम की सारी योजना के बाद भी नागरिक परेशान

## जितने टैंकर चलाए उतने ही कम पड़ रहे हैं

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**गर्मी के इस मौसम में अभी तो शुरुआत का दौर चल रहा है लेकिन पानी का संकट सर चढ़कर बोल रहा है। निगम के द्वारा तैयार की गई सारी योजना के बाद भी नागरिक परेशान है। निगम के द्वारा नागरिकों को राहत देने के लिए जितने टैंकर चलाए जा रहे हैं उतने ही कम पड़ रहे हैं।**

वैसे तो हमेशा ही गर्मी के मौसम में इंदौर शहर में पानी का संकट पैदा होता है। इस संकट से निपटने के लिए नगर निगम के द्वारा टैंकर चला कर समस्या वाले क्षेत्रों में और नागरिकों के निवास पर टैंकर के माध्यम से पानी भेजा जाता है। इसके चलते हुए समस्या का समाधान हो जाता है और गर्मी का मौसम निकल जाता है। इस बार हालात कुछ अलग बने हुए हैं। एक तरफ तो गर्मी के तेवर अभी से तीखे बने हुए हैं। गर्मी का पारा तेज गति के साथ ऊपर की तरफ जा रहा है। जैसा पर बढ़ रहा है वैसा ही पानी का संकट भी बढ़ता हुआ नजर आ रहा है।

निगम के अधिकारियों का कहना है कि इस बार परंपरागत जल समस्या वाले क्षेत्र के अलावा बड़ी संख्या में नए क्षेत्रों में भी पानी की समस्या पैदा हो गई है। इन क्षेत्रों से नागरिकों की ओर से अपने पार्षद और विधायक के माध्यम से नगर निगम पर पानी भेजने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। अब समस्या यह है कि नगर निगम के पास समस्या ग्रस्त क्षेत्रों तक पानी पहुंचाने के लिए संसाधन सीमित है। निगम के द्वारा किराए पर जो टैंकर लिए गए हैं उन टैंकर के माध्यम से ही पानी पहुंचाने का काम किया जाता है। अभी भी यह काम इन टैंकर के माध्यम से ही किया जा रहा है। इसके बाद भी समस्या की स्थिति कमजोर नहीं पड पा रही है। इस स्थिति को देखते हुए अब नगर निगम भी कुछ करने की स्थिति में नहीं है।

### बड़ी संख्या में बोरिंग हो गए बंद

निगम के अधिकारियों का कहना है कि शहर में नागरिकों की पानी की आवश्यकता की पूर्ति एक तरफ जहां नर्मदा पेयजल योजना के तहत आने वाले पानी से होती है तो वहीं दूसरी तरफ बोरिंग के माध्यम से मिलने वाले पानी से होती है। इस समय शहर में बहुत सारे स्थान पर बोरिंग बंद हो गए हैं। ऐसी स्थिति में पूरा दबाव नर्मदा पेयजल योजना और नगर निगम के टैंकर पर आ गया है। नगर निगम की ओर से अपने स्तर पर ज्यादा से ज्यादा टैंकर चलाने और नागरिकों तक अधिक से अधिक पानी पहुंचाने की कोशिश की जा रही है लेकिन यह कोशिश ज्यादा दम मारती हुई नजर नहीं आ रही है।

### अब सरकार नहीं देती है अनुदान

अब से कुछ साल पहले तक तो सरकार के द्वारा गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या वाले क्षेत्रों तक पानी पहुंचाने के लिए पानी के परिवहन के नाम पर नगर निगम को अलग से अनुदान के रूप में राशि दी जाती थी। इस राशि से निगम के द्वारा टैंकर पर लगने वाले खर्च में से एक बड़ी राशि निकल जाती थी। अब सरकार के द्वारा पिछले कुछ साल से यह अनुदान के रूप में राशि देना भी बंद कर दिया गया है। हर साल गर्मी का मौसम शुरू होने से पहले सरकार की ओर से नगर निगम से कार्य योजना जरूर मांगी जाती है। इसमें निगम को बताना होता है कि गर्मी के मौसम में पानी की समस्या की स्थिति में उसके द्वारा क्या काम किया जाएगा और उस पर कितना खर्च होगा। इस खर्च में राज्य सरकार की सहभागिता अब समाप्त हो गई है।

# सुधांशु महाराज के अवतरण दिवस पर रुद्राभिषेक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विश्व जागृति मिशन इंदौर मंडल द्वारा तीन दिवसीय आयोजन के अन्तर्गत आचार्य श्री सुधांशु महाराज के अवतरण दिवस पर अन्नपूर्णा मंदिर स्थित शिव धाम में रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। कृष्णमुरारी शर्मा, दिलीप बडोले, घनश्याम पटेल ने बताया कि कल तीसरे दिन रुद्राभिषेक में पुरोहित हर्षित शर्मा, पंडित गौरव शर्मा, पंडित टीकाराम शर्मा ने मंडल के 31 जोडों से वैदिक



मंत्रोचार द्वारा पंचामृत से रुद्राभिषेक करवाया। शिव स्तुति, शिवाष्टक एवं महाआरती के बाद शिव आराधना सम्पन्न हुई। ओमप्रकाश सोलंकी, अनिल शर्मा, सत्यनारायण मारू, चिंतामणि बडोले, स्वीटी शर्मा,गोविंद गंगराड़े, विनीता दौलत केनिपनि, शौभा मित्तल, बसंत विश्वकर्मा, किरण शर्मा, वैभव शर्मा, अपूर्वा शर्मा, चित्रा शर्मा, पायला खानचंदानी, अजय बैंडवाल, निर्मला गुप्ता, कान्हा शर्मा मौजूद थे।



# महायज्ञ के लिए भूमिपूजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। हरिधाम कैट रोड पर 22 से 29 मई तक होने वाले पंचकुंडी श्री हनुमत महायज्ञ आयोजन के लिए भूमिपूजन किया गया।



# बिजासन मंदिर विकास के लिए उमेशनाथ महाराज को ज्ञापन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बिजासन सांस्कृतिक चेतना सेवा समिति के माध्यम से मां बिजासन माता मंदिर की अव्यवस्था एवं जीर्णोद्धार को लेकर सांसद योगी उमेशनाथ महाराज को ज्ञापन दिया गया। इन्दौर की कुलदेवी बिजासन टेकरी पर कई वर्षों से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस दौरान महावीर जैन, मनोज मेहना, पिंटू लश्करी,गौरव गवाते, करणसिंह, सोनू कल्याण, संदीप पथराद आनंद मेहना, अशोक वैद्य, मयूर सहित अन्य मौजूद थे।

# महाकाल सेना निकालेगी वाहन रैली

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। राष्ट्रीय महाकाल सेना द्वारा अगले माह 6 जून को दशहरा मैदान बैंक कालोनी से सुबह 10



बजे वाहन रैली उज्जैन तक निकाली जाएगी। मां क्षिप्रा की महाआरती, भजन संध्या और भंडारा का आयोजन होगा। आयोजन से राहुल राव, अष्टकौशल, महंत राहुल गिरि महाराज, भीमसिंह ठाकुर आयोजन से जुडे है।





# राजशांति आशियाना भवन में प्रवेश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अदिती सामाजिक सेवा समिति द्वारा संचालित राजशांति आशियाना के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण एवं गृह-प्रवेश का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पवनानंद महाराज का सान्निध्य मिला। रेखा सुराणा, डॉ. आलोक ड़ोलिया, संतोष जैन, विंय मंगारमानी, दीपक जैन टीनू, विनोद भंडारी, टीना, प्रियंका, सतीश जैन, अदिती सुराणा, हर्ष मेहता, रितेश बाफना, सतीश जैन, महेन्द्र झेलावत, कमल जैन, मनोज जैन, मोना बाँठिया, कल्पना पटवा, अरूणा कोठारी, राजकुमारी जैन, संजय नाहर, अदिति सुराणा, हर्ष मेहता मौजूद थे।

# यूसीमास प्रतियोगिता में जाह्नवी राठौड़ चैंपियंस'

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

यूसीमास की स्टेट लेवल एबाकस एवं मेंटल अरिथमेटिक प्रतियोगिता में रतलाम की जाह्नवी राठौड़ पूरे प्रदेश में अव्वल आई। इस प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन रवींद्र नाट्य गृह में किया गया। अन्य विजेता विद्यार्थियों




को भी पुरस्कृत किया गया। अमृता गोयल, नीरज गोयल, रुपिया पठान, लीना सचदेव मौजूद थे।

# जैन सामाजिक संसद की बैठक

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद की बैठक जाल सभागृह में आयोजित हुई। मंगलाचरण भगवान महावीर के चित्र पर पूजन के बाद सहयोगियों का सम्मान भी किया गया। विनय बाकलीवाल, नकुल पाटोदी, ज़यदीप जैन, जैनेश झांझरी, एम.के. जैन, नरेन्द्र वेद, डी.के. जैन, सुरेन्द्र बाकलीवाल, महावीर जैन, देवेन्द्र सोगानी, पिंकेश टोंग्या, सतीश जैन, अनामिका बाकलीवाल, रोहित गंगवाल, सुभाष सामरिया, अशोक बड़जात्या, सौरभ पाटोदी, भरत जैन,धर्मेंद्र जैन,एस.के. जैन, वीरकुमार जैन, मुकेश टोंग्या, मनोज बाकलीवाल, धीरज कासलीवाल, कैलाश वेद, राजेश लारेल सहित अन्य मौजद थे।



# महिलाओं के लिए कार रैली

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

'मदर इंडिया-शक्ति ऑन व्हील्स' शीर्षक भव्य कार रैली का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में महिला प्रतिभागी शामिल होकर अनुशासन, पानी की बचत, स्वच्छता, पर्यावरण, परिंदों की सेवा के साथ ही शहर में यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूकता का सन्देश भी देंगी। किशोर गोयल, रजनी खेतान ने बताया कि उद्योगपति विनोद अग्रवाल तथा अर्चना अग्रवाल के मार्गदर्शन में 10 मई को सुबह 7.30 बजे नेहरू स्टेडियम से होने वाली इस कार रैली में शामिल सभी महिलाओं को आकर्षक पुरस्कार भी दिए जाएँगे। उम्र का कोई बंधन नहीं है,महिला चालक के पास लायसेंस होना चाहिए। समितियों के गठन में आरती मेहरा, स्वर्णा झंवर, शारदा उपाध्याय, ममता द्विवेदी, संजय बांकडा, महेश अग्रवाल एवं राजू गोयल समाधान सहित 11 सदस्य शामिल किए गए हैं। रैली के लिए पंजीयन किए जा रहे है।

# सिंधी समाज महापंचायत में छाबडा और लोकवानी पदाधिकारी बने

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सिंधी महापंचायत के निर्वाचन अधिकारी डॉ पंकज वाधवानी, नरेश फुंदवानी, दौलतराम तेजवानी ने बताया कि कल महापंचायत की साधारण सभा में द्विवार्षिक चुनाव निर्विरोध हुए। अध्यक्ष लालचंद छाबडा, महासचिव अनिल लोकवानी, उपाध्यक्ष नंदलाल झामवानी, रानी हुंदलानी, प्रदीप खत्री, जयश्री वीरानी, प्रदीप हरियानी, गणेश मटाई, सचिव मधु गिरधानी, मनीष तलरेजा, धीरज कुंडल, किशोर आहूजा, तरुण बजाज, नंदकिशोर सेतपाल, कोषाध्यक्ष मनोहरलाल मोटवानी, प्रचार मंत्री चांदनी फुंदवानी, पीआरओ मंशाराम राजानी, एवं ऑडिटर जयप्रकाश नागपाल को बनाया गया।





# कबीर आश्रम में सामूहिक विवाह

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सत्य लोक कबीर आश्रम रामपाल महाराज सांवेर में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। सचिन जायसवाल, निर्मला बहन, राधेश्याम सिसोदिया, सालिगराम कश्यप ने बताया कि अतिथि दिलीप राजपाल, स्वामी अरुणानंद महाराज, डॉ. अब्दुल गफ्फार खान, जितेन्द्र परिहार, किशन भालसे का सम्मान किया गया।






# 20 हास्य क्लबों से जुड़े सैकड़ों लोगों ने लगाए ठहाके



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विश्व हास्य दिवस पर विश्व हास्य योग महासंघ एवं भैयाजी हास्य एवं योग ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में कल नार्थ राजमोहल्ला स्थित गार्डन पर ठहाकों और अट्टहासों का आयोजन किया गया। 20 हास्य क्लबों से जुड़े महिला, पुरुष और युवा शामिल हुए। कई संकल्प भी लिए गए। ओमप्रकाश गुप्ता, डॉ. भरत रावत, कैलाशचंद्र खंडेलवाल, दिलीप जैन, राधाकृष्ण भैया, घनश्याम मित्तल, कमलेश मारू, डॉ. गरिमा ऐरन, उज्जवल स्वामी, आर डी गुप्ता, रामबाबू अग्रवाल, चंचल सलारिया, तारा मालू, रमेश मोर्य, मालवी काकी, सुनीता कुमावत, रमेश मुरारका, भगवंती उपाध्याय, इंदु भंडारी, पंकज सराफ, राकेश व्यास, महेश मूंदड़ा, किरण शर्मा, विपिन जैन, भगवानदास चिमनानी, मुकेश पटवा, अंजू लड्ढा, प्रभा शर्मा, शरद मित्तल सहित अन्य मौजूद थे।

## डॉ. राजेश अग्रवाल को फेलोशिप सम्मान



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** डायबिटीज़ एवं एंडोक्राइन विशेषज्ञ डॉ. राजेश अग्रवाल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित 'लियोनेल ओपाई' रिसर्च फेलोशिप से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें मुंबई में आयोजित डीसीआर फोरम के शैक्षणिक सम्मेलन में एकेडमी ऑफ़ डायबिटिक एंड कार्डियो रिनल मेडिसिन, लंदन द्वारा लंदन के प्रो. स्टीफनो परातो और प्रो. रूरी हॉलमैन के हाथों प्रदान किया गया। डॉ. अनुज माहेश्वरी, डॉ. सुनील गुप्ता, डॉ. राकेश पारिख, डॉ. सचिन गुप्ता, डॉ. सुबोध बांजल ने बधाई दी।

## सकोरों का वितरण पौधारोपण एवं सम्मान




**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** कर्मवीर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट एवं कर्मशील जन जागरूक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में प्रकाश मानावत के अवतरण दिवस पर सेवा संकल्प पर सकोरा वितरण, पौधारोपण, गौसेवा व चिकित्सकों के सम्मान का आयोजन किया गया। स्कूल में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी पद्धति के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा मरीजों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क औषधियां वितरित की गईं। सुनील चौधरी, कैलाश मानावत, राहुल हरन, सुशीला नायक, जीवन चौहान, विष्णु चौधरी, शंकर पवार, पुनी राठौर, उमेश शर्मा, श्रीमती कुसुम शर्मा, मोनिक मालवीय, रेणुका चंदेल, इंदर सिंह राठौड़, संपत चौहान, कन्हैया लाल चौहान, जितेन्द्र यादव, एहसान अली, सुनील चौधरी, डॉ. बिन्दू कुमार जैन. विनोद भिलवारे सहित अन्य मौजूद थे।



## बच्चे सिखाएंगे बड़ों को ट्रैफिक नियम

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** 'हल्ला-गुल्ला' नाट्य 3थिएटर में बच्चे अभिनय के साथ-साथ सड़क सुरक्षा के गुर भी सीख रहे हैं। प्रसिद्ध रंगकर्मी तपन मुखर्जी और ट्रैफिक एक्सपर्ट राजकुमार जैन के मार्गदर्शन में यह कैंप बच्चों को 'सुरक्षा का एम्बेसडर' बना रहा है। सत्र के दौरान बच्चों ने बताया कि कैसे उनके माता-पिता अक्सर हेलमेट और सीट बेल्ट की अनदेखी करते हैं, जिससे उन्हें डर महसूस होता है। जैन ने बच्चों को प्रेरित किया कि वे प्यार और जिद से अपने बड़ों को नियम पालन के लिए मनाएँ।

## अहिल्या जन्मोत्सव को लेकर बैठक



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** माता अहिल्या का आगामी जन्मोत्सव मनाने को लेकर पाल समाजजनों ने भागीरथपुरा में बैठक आयोजित की। जन्मोत्सव कार्यक्रम की रूपरेखा बबली बोस पाल के द्वारा बताई गई। संतोष पाल ने बताया कि बैठक के बाद सभी के लिए भोजन का आयोजन किया गया।

## ग़ीत-संगीत की शाम

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** हिंदी साहित्य भवन में त्रिमूर्ति म्यूजिकल ग्रुप द्वारा गीत-संगीत का आयोजन किया गया। दीक्षा दुबे, राजेश चंद्रावत, संजय चंद्रावत, मंजू चौहान, अनिता चौहान, राजेश धारे, सुभाष पालीवाल, प्रीति मुंशी, नेहा तिवारी, रेनू पांचाल, सुनीता देवांग, संजय सोनी, हर्ष बाथम, अंजलि शर्मा, कमल काले, संध्या, महेंद्र प्रजापति, नीलम ने प्रस्तुतियां दी।





## जैन मंदिर के ध्वजारोहण महोत्सव में मंगल प्रवेश जुलूस

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** द्वारकापुरी स्थित शीतलनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर के ध्वजारोहण महोत्सव का मंगल प्रवेश जुलूस के साथ शुभारंभ कल किया गया। संत योगरुचि विजय म.सा. ने मंगल प्रवेश के बाद धर्मसभा में प्रवचन भी दिए। तपोनिधि प्रियदर्शन विजय म.सा. एवं नंदीरूचि विजय म.सा. आदिठाणा की निश्रा भी प्राप्त हुई। इसके पूर्व सुदामा नगर स्थित सेठी गेट से द्वारकापुरी मंदिर तक बैंड-बाजों के साथ मंगल प्रवेश जुलूस भी निकाला गया। सांसद शंकर लालवानी भी जैन समाजजनों के बीच मौजूद रहे। संजय नाहर, सुशील कुकड़ा, चेतन भंडारी, प्रकाशचंद्र, आशीष कुमार, अयांश पारख, अमृत मूणत, विनोद कोठारी, अजय लुणावत,समता तरवेचा, चन्दन जैन, सुनीता जैन, रीतेश सेखावत, सतीश जैन, दिनेश धींग आयोजन से जुडे है।

## भागवत कथा देपालपुर और पीथमपुर में होगी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** चौबीस अवतार मंदिर देपालपुर में 17 से 23 मई दोपहर 12 से 3 बजे तक भागवत कथा का रसपान करण महाराज के श्रीमुख से होगा। यूनिवर्सल टाउनशिप सेक्टर-1 पीथमपुर में 10 से 16 मई दोपहर 2 से 5 बजे तक जितेन्द्र पाठक के श्रीमुख से भागवत कथा का आयोजन होगा। सुभाष पंवार, जुझारसिंह पंवार, गोपालसिंह पंवार, सुभाषसिंह पंवार आयोजन से जुड़े हैं।

## लिम्बोदी में लगे भगवान परशुरामजी के जयकारे

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** ब्राह्मण समाजजनों ने लिम्बोदी क्षेत्र में शोभायात्रा निकाली। बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाजजन मौजूद रहे। भगवान परशुरामजी के जयकारे भी लगे। रमेशचंद्र दीक्षित, कमल दीक्षित, शिवम शर्मा, कृष्णकांत पुरोहित, अजय मिश्रा, मिथलेश दुबे, आशीष द्विवेदी, विजय तिवारी, जितेंद्र तिवारी, राजेंद्र शर्मा मौजूद थे।







## पत्रकार संगोष्ठी और नारद जयंती

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विश्व संवाद केन्द्र मालवा, इंदौर प्रेस क्लब और पत्रकारिता एवं जनसंचार संस्थान, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय द्वारा पत्रकार संगोष्ठी और देवर्षि नारद जयंती कार्यक्रम में संगोष्ठी और व्याख्यान का आयोजन किया गया। अमिताभ अग्निहोत्री ने उद्बोधन दिया। दीपक कर्दम, जयंत भिसे, अनुभूति निगम, जाह्नवी, माधव शर्मा, अरविंद तिवारी एवं मीडियाकर्मी मौजूद रहे।

## गोल्डन हिट्स का आयोजन होगा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** स्वर आलाप और स्टार फेन क्लब द्वारा संगीत कार्यक्रम गोल्डन हिट्स का आयोजन 10 मई की शाम 6.30 बजे से जालसभागृह में होगा।

# मूसाखेड़ी क्षेत्र के लोग अघोषित विद्युत कटौती से परेशान

### 15 मिनिट से लेकर एक से डेढ़ घंटे के लिए बंद हो रही बार-बार लाइट



**इंदौर।** डेली कालेज विद्युत जोन से जुड़े मूसाखेड़ी क्षेत्र में लोग पिछले कई दिनों से अघोषित विद्युत कटौती से परेशान हो रहे है। लोगों का कहना है कि मेंटेनेंस के नाम पर गर्मी शुरू होने से पहले विद्युत विभाग द्वारा घंटों घोषित रूप से बिजली कटौती की थी। अब भरी गर्मी में आधी रात में आए दिन दो बजे से तीन बजे और चार बजे तक डेढ़ से दो घंटे तक बेवजह किसी न किसी बहाने से फालतू की बिजली कटौती रोजाना की जा रही है। जिससे मूसाखेड़ी क्षेत्र के अलकापुरी, अजय बाग, पंचशील कालोनी, साटम पार्क, मयूर नगर आदिवासी भील कालोनी, इंद्रिस नगर, शांति नगर, कमल नगर, चौधरी पार्क कालोनी, आजाद नगर सहित कई कालोनियों के लोग लंबे समय से दिनभर में कई बार 15 मिनिट से आधे घंटे और शाम के समय मूसाखेड़ी क्षेत्र के पूरे मार्केट में डेढ़ से दो घंटे तक फाल्ट के चक्कर में लाईट नहीं आने से व्यापारियों को घंटों इंतजार के बाद दुकानें बंद करके जाना पड़ा लेकिन बिजली गुल होने के बाद दोबारा नहीं लौटी।

### अलकापुरी में ढाई बजे गुल हुई बिजली सुबह साढ़े चार बजे आई

वहीं मूसाखेड़ी क्षेत्र की अलकापुरी कालोनी के अभिषेक पंडित, सुदेश राजोरिया हरिश यादव ने बताया डेली कालेज विद्युत जोन में कोई सुनवाई नहीं हो रही है। भीषण गर्मी का प्रकोप बढ़ते बेवजह की बिजली कटौती शुरू हो गई है। दिन में 15 मिनट से लेकर आधे घंटे और शाम को आधे - आधे 1 घंटे और आधी रात को भी एक से डेढ़ घंटे तक के लिए बिजली कटौती हो रही है। जिससे पूरे मूसाखेड़ी क्षेत्र के लोग घोषित और अघोषित रूप से होने वाली विद्युत कटौती से परेशान है।

### गर्मी में 10 से 15 मिनिट में लोगों की हालत हो जाती है खराब

गर्मी में पंखे कूलर बंद होने से 10-15 मिनट में लोगों की हालत खराब हो जाती है ऐसे में आधे घंटे से लेकर 1 से डेढ़ घंटे तक बिजली नहीं आने से लोगों की हालत खराब हो रही है। पंचशील नगर के मांगीलाल जोशी,राकेश रायकवार, गब्बर सिंह चौहान , विरेंद्र दुबे का कहना है कि डेली कॉलेज विद्युत जोन में लाइट जाने के बाद कोई सुनवाई नहीं होती है लैंडलाइन फोन कोई उठाते ही नहीं है, हमेशा फोन बिजी रहता है।

### वॉट्सग्रुप पर चुनिंदा लोगों को मिलती है सूचना

वह तो भला हो अधिकारीयों का विद्युत जोन का एक वाटसअप ग्रुप बना है। जिसमें लाइट बंद होने और आने जाने की सूचना मिल जाती है। वह भी लोगों द्वारा कई बार चैटिंग के जरिए पूछताछ करने पर जवाब आता है की लाइन बंद है, मेंटेनेंस के लिए , या इतनी देर में चालू होगी ये भी लोगों द्वारा कई बार पूछने के बाद विभाग के कर्मचारियों द्वारा जवाब दिया जाता है। जबकि लैंडलाइन फोन 0731 2710086 पर कितनी बार भी कॉल करो कोई जवाब नहीं मिलता फोन हमेशा बिजी आता है।

### इधर,अधिकारी भी जिनके नंबर सेव उनके ही फोन उठाते

वहीं लोगों का कहना है कि अधिकारी अभिनव सिंह चौहान और देवकरण चौधरी भी उन्हीं लोगों के फोन उठाते है जिनके नंबर उनके पास सेव है उन्ही के फोन उठते है। लोगों में इसको लेकर जमकर नाराजगी है। यही नहीं पिछले तीन चार दिन से आधी रात को 15 मिनिट से आधे घंटे और कुछ क्षेत्रों में डेढ़ से दो घंटे के लिए लाइट जा रही है।



## एजेन्टिक एआई हैकेथॉन के पुरस्कार

**खरगोन (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** जेआयटी बोरावां में माईक्रोसॉफ्ट एवं शीकुंज के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय स्तर की 2 दिवसीय एजेन्टिक एआई हैकेथॉन का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। 7 राज्यों के 70 टीमों के 255 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। इस अवसर पर हर्षवर्धन यादव, रोहित सरदाना, सौरभ रघुवंशी, शैली मेहंदीरत्ता, राहुल भार्गव, शिकुंज, गुंजन जेसवाल, आनन्दकुमार, अजहरउद्दीन खान सहित अन्य मौजूद थे। विशेष रूप से पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव, विधायक सचिन यादव, संजीत यादव, एलएल भट्टड़, डॉ. अतुल उपाध्याय, डॉ. सुनील सुगंधी, डॉ. संजय चौहान, प्रो. नितिन नामदेव सहित अन्य मौजूद थे।

## योजना 51 के अंतर्गत क्षेत्र के बड़े हिस्से में बैकलाइन का निर्माण सौंदर्यकरण करेगा निगम

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण से पहले जोन संख्या चार के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 में स्थित स्कीम नंबर 51 में बैक लाइन निर्माण करने के साथ यहां सौंदर्य करण और सजाने - संवारने के काम भी शुरू करेगा। जिसके अंतर्गत निगम द्वारा क्षेत्र की वाणी कोचिंग क्लासेस से भागवत मैदान तक मकान संख्या 452 के सामने से लेकर प्लाट संख्या 587 के सामने तक नवीन बैक लाइन का निर्माण किया जाएगा। इससे बारिश से पहले क्षेत्र के रहवासियों को लंबे समय से आधी - अधूरी बैक लाइन और अधूरे काम की वजह से गंदगी और मच्छरों के प्रकोप से भी आने वाले दिनों में बेहद जल्द राहत मिलने वाली है। साथ ही बारिश का सीजन शुरू होने से पहले नई लाइन डालने और बेक लाइन का काम होने से हजारों परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी।

**कोचिंग क्लास से लेकर भागवत मैदान तक होगा बैक लाइन निर्माण**

# स्कीम 140 में जोनल कार्यालय के पास वाले बड़े बगीचे में योगा शेड का निर्माण

### सौंदर्यकरण कार्यों के तहत लाखों खर्चकर रहवासियों के लिए निगम जुटा रहा सुविधा

**इंदौर।** स्कीम 140 रोड पर निगम के जोनल कार्यालय के पास बड़े बगीचे में क्षेत्रीय रहवासियों की मांग और सुविधा के लिए निगम द्वारा यहां एक भव्य योगा शेड का निर्माण किया जा रहा है। जिसका काम लगातार तेजी के साथ हो रहा है, यही नहीं अब यह वाटर प्रूफ योग शेड लगभग बनकर तैयार भी गया है। यही नहीं सौंदर्यकरण योजना के तहत निगम द्वारा इस बड़े बगीचे में आकर्षक पेवर ब्लॉक लगाकर तैयार किए जा रहे वाटर प्रूफ शेड के सामने के हिस्से को भी संवारा जा रहा है ताकि बारिश में भी शेड के नीचे लोग आराम से बिना परेशानी के सेहत बनाने के लिए योगा कर सके।

### वाकिंग ट्रेक की सुविधा के साथ 80 से 100 लोगों की बैठक व्यवस्था

यही नहीं इसके अलावा यहां आस-पास के रहवासियों के सुबह-शाम घूमने के लिए इस बड़े बगीचे में लंबा-चौड़ा वाकिंग ट्रेक और पाथवे भी बनाया जा रहा है। ताकि लोग आराम से यहां योगा शेड में योग करने के साथ सेहत बनाने के साथ सुबह और शाम एक्यूप्रेशर टाइल्स वाले पाथवे पर आराम से घूम भी सकेंगे। जिसको लेकर क्षेत्रीय पार्षद राजीव जैन के प्रयासों से निगम द्वारा इस बड़े बगीचे में सौंदर्य करण की योजना बनाकर लाखों रुपए खर्चकर योगा शेड के निर्माण के साथ बगीचे में अन्य आवश्यक सौन्दर्यकरण के अन्य कार्य भी किए जा रहे है। साथ ही आसपास के रहवासी परिवारों के लिए सुविधाएं जुटाई जा रही है। वहीं इस भव्य शेड में मार्निंग वाकर और क्षेत्र के वरिष्ठजन योगा करने के साथ यहां सामाजिक धार्मिक मीटिंग और राष्ट्रीय त्यौहारों पर छोटे - मोटे आयोजन भी आराम से कर सकेंगे। जिसके लिए यहां 80 से 100 लोगों के बैठने के लिए पर्याप्त बैठक व्यवस्था के लिए जगह भी उपलब्ध हो गई। जहां बारिश के दिनों में भी किसी प्रकार की परेशानी नहीं आएगी। इसके अलावा गर्मी में भी क्षेत्र के रहवासियों को शेड के नीचे योग कर सेहत बनाने में दिक्कत नहीं आएगी।

## वार्ड 79 में सांवरिया गार्डन के पीछे से हवा बंगला मैनरोड़ तक अब नई लाइन की बारी

**इंदौर।** राऊ विधानसभा के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 79 में स्थित सांवरिया गार्डन के पीछे से हवा बंगला में रोड तक बेहद जल्द नई लाइन बिछाने की बारी आने वाली है। जिसके अंतर्गत निगम द्वारा मदन मोहन मालवीय चौक से पेट्रोल पंप तक नई लाइन बिछाने और परीक्षण कर उसे चालू करने को लेकर निविदा भी जारी कर दी है। निगम द्वारा यहां करीब 40 लख रुपए के आसपास खर्च कर बालाजी मल्टीप्ल शॉप के पीछे तक आने वाले दिनों में बेहद जल्द नई लाइन बिछाने का काम बेहद जल्द शुरू करने के तैयारी है।

**क्षेत्र के लोग लंबे समय से कर रहे थे लाइन चौक होने और पुरानी बदलने की मांग-** वही बड़ी बात यह है कि राऊ विधानसभा के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 79 से जुड़े सांवरिया गार्डन और उसके आसपास के क्षेत्र सैकड़ो रहवासियों द्वारा लंबे समय से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और निगम अधिकारियों से इस क्षेत्र की वर्षों पुरानी क्षतिग्रस्त लाइन बदलकर नई लाइन डालने की मांग की जा रही थी। वही अब



क्षेत्रीय विधायक मधु वर्मा और क्षेत्रीय पार्षद के प्रयासों से अब जाकर लंबे समय के बाद पुरानी लाइन बदलकर नई लाइन बिछाने का काम बेहद जल्द अगले माह बारिश से पहले शुरू होगा।

## मानसून से पहले निगम पीलियाखाल क्षेत्र में प्राथमिक लाइन बिछाने से लेकर चैंबरों का निर्माण शुरू करेगा

**इंदौर।** विधानसभा एक के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6 से जुड़े पीलिया खाल और आसपास के क्षेत्र में लंबे समय के बाद निगम प्राथमिक लाइन बिछाने के साथ क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर दर्जनभर से ज्यादा नए बड़े साइज के चैंबरों का निर्माण करेगा। यही नहीं क्षेत्र के लिए बारिश से पहले शुरू होने वाले इस महत्वपूर्ण कार्य पर निगम लगभग 58 लाख रुपए से ज्यादा खर्च करेगा।



जिसके लिए निगम द्वारा बकायदा इस कार्य के लिए निविदा भी जारी की गई है ताकि अगले एक से डेढ़ माह बाद जब बारिश का दौर शुरू हो इससे पहले निगम द्वारा इस क्षेत्र में सैकड़ों लोगों को राहत देने के लिए काम शुरू किया जाए ताकि आसपास के सैकड़ों रहवासी परिवार को बारिश के दौरान उक्त काम के पूर्ण हो जाने से किसी प्रकार की परेशानी और दिक्कत न हो।

## संपादकीय

# GST कलेक्शन में रिकॉर्ड उछाल, लेकिन राहत के पीछे छिपी हैं नई मुश्किलें

इस परेशानी का मूल कारण कच्चे माल एवं सेवाओं तथा तैयार माल की कर दरों के बीच का भारी अंतर है। यानी कई तरह के कच्चे माल को जीएसटी की अठारह फीसद की श्रेणी में रखा गया है, जबकि उससे तैयार माल पर पांच फीसद कर निर्धारित है। अतिरिक्त कर को सरकार से वापस लेने का प्रावधान है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि लंबी और जटिल कागजी कार्रवाई के कारण इसमें महीनों लग जाते हैं। पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे बहुस्तरीय वैश्विक संकट के बीच देश के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में खासी बढ़ोतरी अर्थव्यवस्था की गति को बनाए रखने के लिए निश्चित रूप से संबल प्रदान करेगी। इससे सरकारी कोष को मजबूती मिलेगी और विकास से जुड़ी नीतियों के निर्माण में भी आसानी होगी। जब सरकार के पास पर्याप्त पूंजी का प्रावधान होता है, तो नागरिकों के लिए मूलभूत सुविधाओं के सृजन या विस्तार की योजनाओं को जमीन पर उतारने में आर्थिक बाधाएं खत्म हो जाती हैं। जीएसटी संग्रह में 8.7 फीसद की वृद्धि दर्शाती है कि उपभोक्ता बाजार में उत्साह बना हुआ है और लोग सामान एवं सेवाओं पर खर्च कर रहे हैं। सरकार के स्तर पर इस बढ़ोतरी को पिछले वर्ष लागू किए गए जीएसटी सुधारों से जोड़कर देखा जा रहा है। मगर इसका एक पहलू यह भी है कि इन सुधारों से व्यापारी वर्ग से लेकर आम आदमी को एक तरफ राहत जरूर मिली है, लेकिन दूसरी तरफ उनकी मुश्किलें बढ़ी हैं। सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, बीते अप्रैल में देश का जीएसटी संग्रह बढ़कर 2.43 लाख करोड़ रुपए के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है। इससे पहले जीएसटी का सर्वकालिक उच्च संग्रह अप्रैल, 2025 में 2.23 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा था। इस बार घरेलू लेन-देन से सकल राजस्व 4.3 फीसद बढ़कर 1.85 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा, जबकि आयात से जीएसटी संग्रह 25.8 फीसद की वृद्धि के साथ 57,580 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इससे स्पष्ट है कि आयात से जुड़ी गतिविधियों में इजाफा हुआ है, जो वैश्विक अस्थिरता के बीच राजस्व प्राप्त करने के स्तर पर तो उत्साहजनक हो सकता है, लेकिन आत्मनिर्भरता के मोर्चे पर यह देश के कमजोर पक्ष को दर्शाता है। इसके साथ ही घरेलू लेन-देन और आयात आधारित राजस्व के बीच बढ़ा अंतर नीतिगत पुनर्मूल्यांकन की जरूरत की ओर इशारा करता है। ऐसे में जरूरी है कि 'मेक इन इंडिया' अभियान को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बदलावों के अनुरूप मजबूत करने के व्यापक स्तर पर प्रयास किए जाएं। घरेलू लेन-देन के मोर्चे पर राजस्व संग्रह की बात की जाए, तो सितंबर 2025 से लागू हुए जीएसटी सुधारों के तहत करीब 375 वस्तुओं पर कर दरें कम की गई थीं और चार श्रेणियों को मिलाकर पांच एवं अठारह फीसद की दो श्रेणियां रखी गई थीं। सरकार का दावा है कि इन सुधारों का मकसद वस्तुओं की कीमतों में कमी लाना, खपत बढ़ाना और बाजार में मांग को विस्तार देना है। मगर सरकार के इस कदम से वस्तुओं की कीमतें कम होती नजर नहीं आ रही हैं और छोटे कारोबारी भी इसे राहत कम और परेशानी ज्यादा मान रहे हैं। इस परेशानी का मूल कारण कच्चे माल एवं सेवाओं तथा तैयार माल की कर दरों के बीच का भारी अंतर है। यानी कई तरह के कच्चे माल को जीएसटी की अठारह फीसद की श्रेणी में रखा गया है, जबकि उससे तैयार माल पर पांच फीसद कर निर्धारित है। हालांकि, अतिरिक्त कर को सरकार से वापस लेने का प्रावधान है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि लंबी और जटिल कागजी कार्रवाई के कारण इसमें महीनों लग जाते हैं। इसका असर आम आदमी की जेब पर भी पड़ता है। यह सही है कि राजस्व अर्जित करने के स्रोत में कर प्रणाली का महत्वपूर्ण योगदान है, लेकिन यह देखना भी सरकार का काम है कि समाज के निचले एवं मध्य वर्ग पर कर का अतिरिक्त बोझ न पड़े।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
| --- | --- |
| 151900 | 150950 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 245900 | 250000 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# सड़क पर गिरा बाजूबंद...सोशल मीडिया की मदद से ढूंढा मालिक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एक ओर जहां रोजाना फ्राड, बेईमानी के मामले सामने आते है वहीं दूसरी ओर ईमानदारी की मिसाल पेश करने वाले सुखद अनुभव देते है। देपालपुर के तहसील रोड पर एक महिला का सोने का बाजूबंद गिर गया, इस बाजूबंद की कीमत साढ़े 3 लाख थी। समीप ही जीतू



राठौर और राहुल राठौर की दुकान है। राहुल को 29 अप्रैल को यह बाजूबंद सडक पर दिखा तो उसने उठा लिया और सोशल मीडिया के माध्यम से असली मालिक का पता लगाना शुरू किया। सोशल मीडिया पर वायरल हुई तस्वीर दिलीप पिता देव चौधरी को उनके परिचित ने भेजी इसके बाद दिलीप ने राहुल से सम्पर्क किया। जांच के बाद राहुल ने रकम के मालिक को बाजूबंद लौटा दी और ईमानदारी की मिसाल पेश की।

# सड़क हादसे में युवती की मौत

## पितृ पर्वत से दर्शन कर लौटते समय बाइक ने मारी टक्कर

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

बिचौली हप्सी क्षेत्र की रहने वाली एक युवती की सड़क दुर्घटना में जान चली गई। हादसा उस समय हुआ जब युवती अपनी सहेली के साथ धार्मिक स्थल से वापस घर की ओर लौट रही थी।

20 वर्षीय प्रियांशी पिता सुभाष निवासी बिचौली हप्सी अपनी सहेली के साथ एक्टिवा से पितृ पर्वत दर्शन करने गई थी। दर्शन के बाद वापस लौटते समय एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालक ने उनकी एक्टिवा को लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवतियां सड़क पर दूर जा गिरीं। हादसे के तुरंत बाद राहगीरों की मदद से दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्रियांशी को मृत घोषित कर दिया। वहीं, उसकी सहेली को गंभीर चोटें आई हैं, जिसका उपचार जारी है।

# ऊपरी मंजिल से गिरे मजदूर की गई जान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** लसुडिया थाना क्षेत्र के देवास नाका स्थित एक बहुमंजिला इमारत से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि विशाल पिता गोवर्धन उम्र 25 साल निवासी ग्राम नागदा देवास काम के दौरान गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई।

# युवक के हाथ से मोबाइल झपटकर भागा बाइक सवार

**इन्दौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र के बिचौली में बेखौफ बदमाशों ने झपटमारी की घटना को अंजाम देते हुए एक युवक के हाथ से महंगा मोबाइल छीन लिया। है।पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। फरियादी श्रीकांत पिता बनवारीलाल वर्मा निवासी साहिल सिद्धि विनायक टाउनशिप ने कनाड़िया थाने पहुंचकर लूट की शिकायत दर्ज कराई है।फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह संपत एवेन्यू के सामने मयंक ब्लू वाटर पार्क रोड से गुजर रहे थे। इसी दौरान जैसे ही उन्होंने अपना सैमसंग गैलेक्सी एस 24 अल्ट्रा मोबाइल फोन निकाला, तभी पीछे से एक अज्ञात व्यक्ति बिना नंबर की काले रंग की एचएफ डिलक्स मोटरसाइकिल पर आया। बदमाश ने काले रंग की शर्ट पहनी हुई थी। इससे पहले कि श्रीकांत कुछ समझ पाते, आरोपी उनके हाथ से मोबाइल झपटकर तेज रफ्तार में भाग निकला। घटना की सूचना मिलते ही कनाड़िया पुलिस ने मौके का मुआयना किया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफप्रकरण दर्ज कर लिया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि बदमाश के भागने के मार्ग और उसकी पहचान की जा सके। पुलिस का मानना है कि बिना नंबर की गाड़ी का इस्तेमाल सुनियोजित तरीके से किया गया है।

# असिस्टेंट मैनेजर से ज्यादती का प्रयास

**फ्लैट पर ले जाकर की हरकत, विरोध करने पर दी जान से मारने की धमकी**

**इन्दौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में एक निजी कंपनी की पूर्व महिला अधिकारी ने अपने ही वरिष्ठ अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अधिकारी के खिलाफ छेड़छाड़ और धमकी देने की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

23 वर्षीय पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह एक कंपनी में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत थी। ट्रेनिंग के दौरान कंपनी द्वारा सख्त हिदायत दी गई थी कि बाहर किसी को कोई जानकारी साझा न की जाए। इसी का फायदा उठाते हुए कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी उमेश जाट ने गत 10 अप्रैल को उसे बाहर मिलने की बात कही।शिकायत के अनुसार, 26 अप्रैल को आरोपी उमेश जाट पीड़िता को अपनी कार से जय बजरंग नगर स्थित एक फ्लैट पर ले गया। वहां ऑफिस का अन्य कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। मौका पाकर आरोपी ने कमरे का दरवाजा और लाइट बंद कर दी और गलत नीयत से पीड़िता का शोषण करने का प्रयास किया। आरोपी ने पीड़िता के साथ शारीरिक अभद्रता की, जिससे वह घबराकर रोने लगी और वहां से बाहर छोड़ने की गुहार लगाने लगी।पीड़िता ने बताया कि घटना के बाद आरोपी ने उसे चुप रहने के लिए धमकाया। आरोपी उमेश ने कहा कि यदि उसने इस घटना के बारे में किसी को भी बताया तो वह उसे जान से मार देगा। डरी-सहमी पीड़िता ने अंततः साहस जुटाकर थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई।

# बेशकीमती जमीन पर कब्जे की साजिश

**फर्जी दस्तावेज बनाने वाले चार भू-माफियाओं पर केस दर्ज**

**इन्दौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र में भू-माफियाओं के दुस्साहस का एक बड़ा मामला उजागर हुआ है। आरोपियों ने एक ऐसी जमीन को निशाना बनाया, जिसका नामांतरण और विक्रय पत्र करीब 36 साल पहले ही संपन्न हो चुका था। धोखाधड़ी के इस मामले में आरोपियों ने कूटरचित तरीके से फर्जी मुख्तियारनामा तैयार कर करोड़ों की भूमि पर मालिकाना हक जताने का प्रयास किया। बुजुर्ग पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ षड्यंत्र और धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है।

अनूप नगर निवासी 76 वर्षीय बुजुर्ग फरियादी प्रमोद कुमार दुआ पिता प्रीतमलाल दुआ ने पुलिस को बताया कि ग्राम बिचौली हप्सी स्थित सर्वे क्रमांक 85/2 की भूमि को वर्ष 1988 में ही उनकी भागीदारी फर्म को पंजीकृत विक्रय पत्र द्वारा बेचा गया था। वर्ष 2000 में इस भूमि का विधिवत नामांतरण भी फर्म के नाम पर हो चुका था।आरोपियों ने जमीन हड़पने की नीयत से वर्ष 2025 में इसी भूमि का एक फर्जी मुख्तियारनामा पंजीकृत करा लिया। इस दस्तावेज के जरिए आरोपियों ने भूमि पर अपना मालिकाना हक और विकास का अधिकार दिखाया। फरियादी का आरोप है कि यह दस्तावेज़ पूरी तरह जाली है और इसे छल करने के उद्देश्य से बनाया गया है।कनाड़िया पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी कैलाश मण्डलोई पिता जयराम मण्डलोई निवासी पिपलियाहाना, उमेश पुरोहित पिता शंकरलाल पुरोहित निवासी मधुवन कालोनी, कांतीलाल मण्डलोई और सुन्दरलाल के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है और जाली दस्तावेजों की कड़ियों को जोड़ा जा रहा है।

# साथ बैठकर शराब पीने से मना किया तो पति ने पत्नी का पत्थर मारकर फोड़ा सिर

**इन्दौर।** चंदननगर थाना क्षेत्र में एक नशेड़ी पति ने अपनी पत्नी पर सिर्फ इसलिए हमला कर दिया क्योंकि उसने साथ बैठकर शराब पीने से इनकार कर दिया था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

मारुति पैलेस निवासी पीड़िता ललिता यादव ने पुलिस को बताया कि उसका पति राहुल यादव शराब पीने का आदी है और आए दिन नशे में विवाद करता है। बीती रात करीब 11:30 बजे राहुल घर पर शराब पी रहा था। इसी दौरान उसने ललिता पर भी साथ बैठकर शराब पीने का दबाव बनाया। जब ललिता ने इस अनैतिक मांग को ठुकरा दिया, तो राहुल आगबबूला हो गया।विवाद बढ़ते ही आरोपी ने अपनी पत्नी को गालियां देना शुरू कर दिया। जब पीड़िता ने विरोध किया, तो राहुल ने पहले उसे लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा और फिर पास पड़ा एक पत्थर उठाकर उसके सिर पर मार दिया। हमले में ललिता का सिर फट गया और खून निकलने लगा।पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि मारपीट के बाद भी आरोपी का गुस्सा शांत नहीं हुआ। उसने जाते-जाते धमकी दी कि अगर आइंदा तूने मेरे साथ शराब नहीं पी, तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा।जख्मी हालत में पीड़िता थाने पहुँची और पुलिस को आपबीती सुनाई।

# कार चालक ने मासूम बेटी को मारी टक्कर, मां ने फोटो खींचा तो आरोपी ने मोबाइल छीनकर तोड़ा

**इन्दौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र के गडरिया मोहल्ला में लापरवाही से कार चलाने वाले एक अज्ञात चालक ने 7 वर्षीय बच्ची को टक्कर मार दी और विरोध करने पर उसकी माँ के साथ झूमाझटकी कर साक्ष्य मिटाने का प्रयास करते हुए मां का मोबाइल छीनकर तोड़ डाला।

फरियादी पूजा निवासी गडरिया मोहल्ला ने पुलिस को बताया कि उनकी 7 वर्षीय बेटी परी घर के बाहर खेल रही थी तभी रात करीब 9.30 बजे कार क्रमांक एमपी-09 डब्ल्यूएच 4121 के चालक ने वाहन को बेहद तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए बच्ची को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बच्ची के कमर और दोनों पैरों में गंभीर चोटें आई हैं।हादसा होते ही माँ अपनी बेटी की ओर दौड़ी। उन्होंने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए आरोपी की कार का नंबर और फोटो अपने मोबाइल फोन में कैद कर लिया। यह देख कार चालक नीचे उतरा और विवाद करने लगा। आरोपी ने पूजा के साथ झूमाझटकी की और उनके हाथ से मोबाइल छीनकर जमीन पर पटक दिया, जिससे फोन पूरी तरह टूट गया। इसके बाद आरोपी अपनी कार लेकर मौके से फरार हो गया।

# बाबर ने बतौर कप्तान जीता पहला PSL खिताब, फाइनल में हो गया ये पोपट

**नई दिल्ली।** बाबर आजम की अगुवाई वाली पेशावर जालमी ने हैदराबाद किंग्समेन को 5 विकेट से हराकर पीएसएल 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया है। बाबर आजम का यह बतौर कप्तान पहला पीएसएल खिताब है।

बाबर आजम की अगुवाई वाली पेशावर जालमी ने पीएसएल 2026 फाइनल में हैदराबाद किंग्समेन को 5 विकेट से हराया। इसी के साथ पेशावर जालमी ने अपना दूसरा पाकिस्तान सुपर लीग का टाइटल जीता। वहीं बाबर आजम बतौर कप्तान अपना पहली पहली पीएसएल ट्रॉफी उठाने में कामयाब रहे। हैदराबाद किंग्समेन की टीम पहले बैटिंग करते हुए मात्र 129 रनों पर ही ढेर हो गई। पूरी टीम 20 ओवर भी नहीं टकि पाई और पेशावर जालमी के सामने 18 ओवर में ही घुटने टेक दिए। पेशावर जालमी ने 130 रनों का यह टारगेट 15.2 ओवर में 5 विकेट शेष रहते हासिल किया। पेशावर जालमी की जीत के हीरो आरोन हार्डी रहे, जिन्हें फाइनल में 4 विकेट चटकाने के साथ-साथ 56 रनों की नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली।



बाबर आजम 130 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए पीएसएल 2026 फाइनल में खाता भी नहीं खोल पाए और गोल्डन डक पर आउट हुए। बाबर को पहले ओवर की पांचवीं गेंद पर मोहम्मद अली ने आउट किया। पेशावर जालमी ने पहले ही ओवर में दो विकेट गंवाए। बाबर आजम से पहले मोहम्मद अली ने पारी की तीसरी गेंद पर मोहम्मद हारिस को अपना शिकार बनाया था। इसके बाद कुसल मेंडिस (9) भी सस्ते में आउट हो गए थे। ऐसा लगने लगा था कि पेशावर जालमी को इस छोटे से टारगेट का पीछा करने में भी दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है, मगर इसके बाद आरोन हार्डी एक छोर पर खूंटा डाकर खड़े हो गए और टीम को जीत दिलाकर माने। आरोन हार्डी का साथ अब्दुल समद ने 48 रनों की पारी खेलकर दिया।

पीएसएस 2026 में गजब की फॉर्म में चल रहे बाबर आजम रिकॉर्ड बनाने से चूक गए। वह मात्र एक रन से पीएसएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने के रिकॉर्ड से चूक गए। बाबर ने इस सीजन 588 रन बनाए। फखर जमन ने 2022 में इतने ही रन बनाए थे, अगर फाइनल में बाबर एक रन भी बना लेते तो वह पीएसएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाते। मगर गोल्डन डक पर आउट होने की वजह से वह चूक गए।

बाबर आजम ने पीएसएल 2026 में खेले 11 मैचों में 73.5 की औसत और 145.90 के स्ट्राइक रेट के साथ 588 रन बनाए, जिसमें 2 शतक और 3 अर्धशतक शामिल हैं। बाबर एक इस्थ सीजन में दो सेंचुरी बनाने वाले सिर्फ दूसरे बैट्समैन भी बन गए, इससे पहले 2024 में उस्मान खान यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले बैट्समैन बने थे। बाबर का 146 का स्ट्राइक रेट भी एक PSL सीजन में उनका पर्सनल बेस्ट है।

# गुजरात टाइटंस को रोमांचक जीत से भी नहीं मिला IPL 2026 पॉइंट्स टेबल में फायदा

**नई दिल्ली।** शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात टाइटंस ने सुपर संडे के दूसरे रोमांचक मुकाबले में टेबल टॉपर पंजाब किंग्स को हराया, मगर इस जीत से उन्हें पॉइंट्स टेबल में कोई फायदा नहीं मिला।

गुजरात टाइटंस को रोमांचक जीत से भी नहीं मिला घ्घ्थ् 2026 पॉइंट्स टेबल में फायदा, ईंख्र् की नंबर-1 की कुर्सी खतरे में

शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2026 के 46वें मुकाबले में टेबल टॉपर पंजाब किंग्स को 4 विकेट से हराया। इस जीत के साथ गुजरात ने ना सिर्फ पंजाब से पिछली हार का बदला लिया, बल्कि इस सीजन जीत की हैट्रिक भी लगाई। हालांकि अभी भी उन्हें आईपीएल 2026 पॉइंट्स टेबल में कोई फायदा नहीं मिला है। जीटी की टीम पॉइंट्स टेबल में पांचवें पायदान पर अटकी हुई है। गुजरात टाइटंस के आरसीबी, एसआरएच और आरआर के बराबर 12-12 अंक हो गए हैं, मगर खराब नेट रन रेट के चलते वह टॉप-4 से अभी भी बाहर है। वहीं इस हार के साथ पंजाब किंग्स की नंबर-1 की कुर्सी खतरे में पड़ गई है। बता दें, पीबीकेएस की यह सीजन की लगातार दूसरी हार है। पंजाब किंग्स 13 अंकों के साथ पहले पायदान पर बनी हुई है। 9 मैचों में ईंख्र् की यह दूसरी हार है। पंजाब को गुजरात टाइटंस से पहले राजस्थान रॉयल्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।



# साई सुदर्शन ने ऑरेंज कैप की रेस में विराट कोहली को किया टॉप-5 से बाहर

**नई दिल्ली।** साई सुदर्शन ने पंजाब किंग्स के खिलाफ अर्धशतक लगाकर ऑरेंज कैप की रेस में शामिल टॉप-5 खिलाड़ियों में अपनी जगह बना ली है। उनकी इस तरक्की से विराट कोहली को नुकसान हुआ है। अभिषेक शर्मा पहले पायदान पर हैं।

IPL 2026 Orange Cap- गुजरात टाइटंस वर्सेस पंजाब किंग्स आईपीएल 2026 के 46वें मुकाबले के बाद ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की रेस में कुछ हलचल देखने को मिली है। सुपर संडे को कुल दो मुकाबले हुए थे जीटी वर्सेस पीबीकेएस से पहले सनराइजर्स हैदराबाद की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ी थी। अभिषेक शर्मा भले ही सस्ते में आउट हो गए हो, मगर वह केएल राहुल से ऑरेंज कैप छीनने में कामयाब रहे। वहीं गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन ने पंजाब किंग्स के खिलाफ शानदार अर्धशतकीय पारी खेलकर ऑरेंज कैप की रेस में शामिल टॉप-5 खिलाड़ियों में अपनी जगह बनाई है। इससे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली को नुकसान उठाना पड़ा है।

सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा सबसे अधिक 440 रन बनाकर पहले




पायदान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने केएल राहुल से ऑरेंज कैप छीनी है। राहुल 433 रनों के साथ दूसरे पायदान पर हैं। राहुल और अभिषेक के बीच 7 रनों का मामूली अंतर है। वहीं एसआरएच के हेनरिक क्लासेन तीसरे पायदान पर हैं, जिनके नाम इस सीजन 425 रन है। वह भी ऑरेंज कैप की रेस में नंबर-1 बनने से ज्यादा दूर नहीं है। चौथे पायदान पर राजस्थान रॉयल्स के विस्फोटक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी है, जिन्होंने अभी तक इस सीजन 404 रन बनाए हैं। साई सुदर्शन पंजाब किंग्स के खिलाफ 57 रनों की शानदार पारी खेल टॉप-5 में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। उनके नाम इस सीजन अब 10 मैचों में 385 रन हो गए हैं। साई सुदर्शन के टॉप-5 में आने से विराट कोहली को नुकसान हुआ है। आरसीबी का यह स्टार बल्लेबाज अब 6ठे नंबर पर खिसक गया है।

# गुजरात टाइटंस के खिलाफ पंजाब किंग्स की हार के 5 गुनाहगार कौन-कौन?

**सोमवार.एजेंसी।** आईपीएल 2026 के 46वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को 4 विकेट से हरा दिया है। रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया यह मैच काफी रोमांचक रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब किंग्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 164 रनों का लक्ष्य दिया, जिसे गुजरात टाइटंस ने 19.5 ओवर में हासिल कर लिया। पंजाब किंग्स की आईपीएल 2026 में अब हार का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। यह उनकी लगातार दूसरी हार है। आज के मैच में पंजाब किंग्स की हार के पांच सबसे बड़े मुजरिम कौन-कौन रहे आपको बताते हैं।



युवा सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्या से अब पंजाब किंग्स की टीम रनों की उम्मीद करने लगी है और उनकी तेज शुरुआत पर कई बार हार जीत का फैसला भी हो जाता है। आर्या रिस्क से भरा हुआ क्रिकेट खेलते हैं। हालांकि, आज की पिच को ध्यान में रखते हुए उन्हें संभलकर खेलने की आवश्यकता थी, लेकिन वे ऐसा नहीं कर सके और 2 गेंदों में सिर्फ 2 रन बनाकर पवेलियन लौटे गए। प्रियांश आर्या इस मैच की हार के बड़े मुजरिमों में से एक हैं।

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज कूपर कोनोली टॉप आर्डर में आकर पंजाब किंग्स की बल्लेबाजी को मजबूती प्रदान करते हैं, लेकिन आज के मैच में वे भी फेल रहे। उन्होंने आज 1 गेंद का सामना किया और बिना कोई रन बनाए पवेलियन लौट गए। वे भी हार के एक बड़े मुजरिमों में से एक हैं। कूपर कोनोली प्रदर्शन- 1 गेंद, 0 रन।

युवा बल्लेबाज नेहाल वढेरा पर भी पंजाब किंग्स की टीम निर्भर है, लेकिन बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का बल्ला पूरी तरह से खामोश रहने लगा है। आज के मैच में वढेरा को गेंद ही नहीं समझ में आ रही थी। उन्होंने कुल 6 गेंदों का सामना किया लेकिन खाता तक नहीं खोल सके और पवेलियन लौट गए। मध्यक्रम में अगक वढेरा का बल्ला चलता तो मैच का परिणाम कुछ और भी हो सकता था। नेहाल वढेरा प्रदर्शन, 6 गेंद, 0 रन।

गुजरात टाइटंस के खिलाफ 4 विकेट से मिली करीबी हार के बाद श्रेयस अय्यर की कप्तानी भी सवालों के घेरे में है। उन्होंने आज के मैच में गेंदबाजों का सही से इस्तेमाल नहीं किया यही वजह रही कि उन्हें आखिरी ओवर मार्को स्टोइनिश को देना पड़ा जो जरूरी रन डिफेंड नहीं कर पाए। अय्यर की कप्तान आज के मैच में इतनी औसत रही कि उन्होंने आईपीएल के सबसे सफल गेंदबाज यूजी चहल से सिर्फ 1 ओवर की गेंदबाजी कराई जिसमें चहल ने 11 रन दिए थे इसके बाद उन्हें वापस तक नहीं लाया गया।

# बाबर आजम की टीम की कमाई ऋषभ पंत की एक IPL सीजन की कमाई के बराबर भी नहीं

**नई दिल्ली।** पीएसएल की प्राइज मनी की तुलना अकसर आईपीएल से होती है, मगर उनके टूर्नामेंट की कुल प्राइज मनी आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत की एक सीजन की कमाई से 5-6 गुना कम है।

बाबर आजम की अगुवाई वाली पेशावर जालमी ने हैदराबाद किंग्समेन को हराकर पीएसएल 2026 का खिताब जीत लिया है। हैदराबाद किंग्समेन की टीम पहले बैटिंग करते हुए मात्र 129 के स्कोर पर सिमट गई थी। इस स्कोर का पीछा करने उतरी पेशावर जालमी की टीम ने 16वें ओवर में 5 विकेट रहते जीत दर्ज की। बाबर आजम का यह कुल तीसरा और बतौर कप्तान पहले पीएसएल खिताब था। पाकिस्तान सुपर लीग का खिताब जीतने के बाद बाबर आजम की टीम को 5 लाख यूएस डॉलर की प्राइज मनी से नवाजा गया, जो भारतीय रुपए के हिसाब से लगभग 4.74 करोड़ रुपए बैठती है।



पीएसएल की प्राइज मनी की तुलना अकसर आईपीएल से होती है, मगर उनके टूर्नामेंट की कुल प्राइज मनी आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत की एक सीजन की कमाई से 5-6 गुना कम है। ऋषभ पंत को लखनऊ सुपर जाएंट्स ने 27 करोड़ रुपए की बोली लगाकर अपनी टीम में शामिल किया था। आईपीएल 2025 की नीलामी में उन्हें पंत को खरीद आईपीएल के इतिहास का सबसे महंगा खिलाड़ी बनाया था।

अब तुलना ऋषभ पंत की एक सीजन की सैलरी की पीएसएल की प्राइज मनी से करें तो वह लगभग 6 गुना कम है। अगर बाबर आजम की टीम 5 पीएसएल ट्रॉफी भी जीतती है तो भी वह ऋषभ पंत की बराबरी नहीं कर पाएगी।

4.74 करोड़ के हिसाब से 5 पीएसएल ट्रॉफी जीतने पर बाबर आजम की टीम की 23.7 करोड़ रुपए की कमाई होगी, जो ऋषभ पंत की एक आईपीएल सीजन की सैलरी से 3.3 करोड़ रुपए कम होगी।

ऋषभ पंत से ज्यादा कमाई करने के लिए बाबर आजम की टीम को 6 झ्यथ ट्रॉफी जीतनी होगी। 6 पीएसएल खिताब जीतने पर उन्हें कुल 28.44 करोड़ रुपए मिलेंगे।

आईपीएल 2026 की प्राइज मनी का अभी तक ऐलान नहीं हुआ है, मगर पिछले सीजन की बात की जाए तो विजेता टीम को 20 करोड़ की प्राइज मनी से वाजा गया था, जो भी पीएसएल से 4 गुना ज्यादा है। जिस तरह भारतीय क्रिकेट तरक्की कर रहा है उसे देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि बीसीसीआई इस साल आईपीएल की प्राइज मनी में इजाफा कर सकता है।

पीएसएस 2026 में गजब की फॉर्म में चल रहे बाबर आजम रिकॉर्ड बनाने से चूक गए। वह मात्र एक रन से पीएसएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने के रिकॉर्ड से चूक गए। बाबर ने इस सीजन 588 रन बनाए। फखर जमन ने 2022 में इतने ही रन बनाए थे, अगर फाइनल में बाबर एक रन भी बना लेते तो वह पीएसएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाते।

## वॉरियर्स जर्नी के खिलाड़ियों का सराहनीय प्रदर्शन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कराटे इंडिया ऑर्गनाइजेशन के सानिध्य में मध्यप्रदेश खेल कराटे संघ द्वारा आयोजित 'एमपी स्टेट सब जूनियर, कैडेट एवं जूनियर कराटे चैंपियनशिप का आयोजन आईपीएस स्कूल, राजेंद्र नगर में किया गया। इस प्रतियोगिता में वॉरियर्स जर्नी कराटे फेडरेशन ऑफ इंडिया (इंदौर एवं महू शाखा) की ओर से सब जूनियर गर्ल्स कैटेगरी में कुल 5 खिलाड़ियों ने भाग लिया और अच्छा प्रददर्शन करते हुए 2 रजत पदक अपने नाम किए। विजेता खिलाड़ियों में आर्या सोनी, धानी सिंह, आध्या चांडक, अद्रिका माहेश्वरी, अन्निएल अनाइशा भान ने अपने अच्छे मुकाबले प्रस्तुत किए। कोच जसप्रीत सिंह एवं ट्रेनर करण साहू का मार्गदर्शन खिलाड़ियों को मिला।

## ओपन फेंसिंग प्रतियोगिता में जीते पदक




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** स्कूल में आयोजित इंटर स्कूल ओपन फेंसिंग प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न 27 स्कूलों के 158 खिलाड़ियों ने भागीदारी की। विद्यार्थी आयरा खान सूरी, लिबा काजी, इशिका वर्मा, आश्मी चौहान, मनुश्री हार्डिया, हबीबा खान ने स्वर्ण जीते। ईपी इवेंट में आशीना खान, सारा मंसूरी, आयुषी बोरासी, सिद्धि व्यास, राधिका, तनुश्री हार्डिया ने स्वर्ण पदक जीते। सेबर इवेंट में इरम खान, तय्यबा अली ने स्वर्ण पदक जीते। कार्यक्रम में विक्रांत आखरे, विकास शर्मा, हितेश झरिया, प्रशिक्षक मास्टर सईद आलम, प्रमेन्द्र वासनिक, जावेद खान, अभ्युदय सिंह चौहान, जयदीप वर्मा और अन्य उपाध्याय, सबा खान, अब्दुल राशिद मौजूद थे।

## रेसलिंग की बालिकाओं की शक्ति टीम ने देखी



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** ताराचंद दादा बालिका रेसलिंग सेंटर की बालिकाओं का शक्ति पैमाना पर रिचार्ज करने के लिए एमजी मेडिकल कॉलेज की टीम सेंटर पर पहुंची। रोजाना बालिकाएं सुबह और शाम 3-3 घंटे रेसलिंग में मेहनत कर रही है। एमजी मेडिकल कॉलेज ने बालिकाओं की शक्ति मापन पैमाना को आधार बनाकर टीम गठित की। टीम के सदस्य आशीष एम कर्णावत ने केंद्र पर उपस्थित होकर अनेक बालिकाओं का शक्ति पैमाना का मापन किया। यह पैमाना लगातार बढ़ता है या उसमें कमी आती है इसको देखकर टीम के सदस्य अपनी रिचार्ज को आगे बढ़ाएंगे। आशीष कर्णावत गाइडेंस, डॉ. निरंजन सिंह सहायक गाइडेंस उषा सिंह के नेतृत्व में रिचार्स कर रहे हैं। यह लगातार 1 महीने तक चलेगा उसके पश्चात शक्ति फाइनल पैमाना लिया जाएगा तथा रेसलर बालिकाओं का शक्ति प्रदर्शन में उतार या चढ़ाव हुआ है इसकी जानकारी केंद्र के प्रमुख पदाधिकारी को दी जाएगी। उक्त जानकारी सेन्टर के प्रमुख रमेश मिश्री पाल पहलवान ने दी और कहा कि इस सफलता पर विधायक मधू वर्मा, कमल वर्मा, मुकेश वर्मा, नरेश वर्मा, महेश वर्मा, संतोष कुशवाह, पवन वर्मा, ममता वर्मा रूपमती वर्मा अंजली वर्मा प्रीति मिस्त्री सीमा राठौर ने खुशी जाहिर की।

## फर्स्ट चिल्ड्रेन कप चेस टूर्नामेंट प्रारंभ

**इंदौर।** ऑल इंदौर चेस एसोसिएशन द्वारा आयोजित इंदौर पब्लिक स्कूल , राउ केंपस, इंदौर में फर्स्ट चिल्ड्रन कप चेस टूर्नामेंट का विधिवत



उद्घाटन इस स्पर्धा के टॉप रेटेड खिलाड़ी कियान पोरवाल रेटिंग (1774 ) ने व शतरंज खेल प्रेमी सुमित उपमन्यु ने शतरंज की चाल चलकर किया ! इस अवसर पर

ऑल इंदौर चेस एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल फतेहचंदानी व आयोजन सचिव अभिषेक गुप्ता भी उपस्थित है इस स्पर्धा में अंडर 15 वर्ष तक के 134 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिसमें अंतरराष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त 39 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस स्पर्धा का सफल संचालन आर्बिट्रर टीम यश तुलापुरकर, विवेक विश्वकर्मा, कुलदीप चौहान, शुभम कुशवाह , हर्षित श्रीवास्तव, रश्मि अत्रे व प्रियंका अत्रे द्वारा किया जा रहा है।

### चार चक्र के बाद का परिणाम इस प्रकार है:

4 points : कियान पोरवाल,युवान राजपाल, रुद्रादित्य सिंह सिसोदिया, प्रयाण चोपड़ा, राघव द्विवेदी , अपार मकवाना ।

3.5 ज्दगहे दर्श गोयल, गुप्ता आदविक, हार्दिक सिंघल, नकुल चंद्रावत, अंशुल वर्मा आगे चल रहे है।

## ग्रीष्मकालीन जूडो प्रशिक्षण शिविर आज से नेहरू स्टेडियम हॉल में प्रारंभ

**इंदौर।** जिला जूडो एसोसिएशन द्वारा, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशन में ग्रीष्मकालीन जूडो प्रशिक्षण शिविर 04 मई से नेहरू स्टेडियम हॉल में प्रारंभ किया जा रहा है संस्था के कुरुष दिनशॉ तथा नरेश टटवाडे ने आगे जानकारी में बताया कि सभी आयु वर्ग के बालक बालिकाओं हेतु इस शिविर में जूडो खेल की तकनीकों के साथ साथ 2 आत्मरक्षा की व्यवहारिक तकनीकों का भी गहन प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दिया जायेगा तथा इस शिविर का यह प्रथम चरण होगा, इसके बाद द्वितीय चरण में चयनित खिलाड़ियों को उन्नत तकनीको के प्रशिक्षण के साथ ग्रेडिंग परीक्षा तथा ओपन जिला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। डॉ पूर्णिमा बीसे एवं महमूद खान के निर्देशन में आकाश टटवाडे, जसलीन सिंग, माहरुख खान, तथा श्रद्धा सोनी गहन प्रशिक्षण देंगे।

## सब-जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में रोमांचक मुकाबले जारी

**इंदौर।** शांता देवी कमल भंडारी मेमोरियल सब-जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 का आयोजन अत्यंत सुव्यवस्थित और शानदार तरीके से चल रहा है। खेले गए मुकबलों में

अन्वित गोयल ने खुश ओसवाल 15-10, 15-13 से, वेदांत सिंह तोमर ने तेजस झा 15-11, 15-9 से, हर्ष वरन सिंह ने आयांश मोहता 15-6, 15-8, आयांश साहू ने विहान बंदी 15-5, 14-16, 15-12 से, ऋशान नांदेडकर ने समग्र जैन 15-5, 11-15, 16-14 से, वीराज शर्मा ने अर्णव गौर 13-15, 15-12, 15-9 से , अद्वैत पाटीदार ने हृदयांश सेठी 15-3, 15-4 से हराया।

माणविक कटियर ने निश्चय कुशवाह को 15-7, 15-10 से, अर्पण गांधी ने ग्रंथ गुप्ता 15-6, 15-8 से, तरुण यादव ने मनवित मंगल 15-10, 16-14 से,

अद्वैत पाटीदार ने हिमांश गट्टानी 15-0, 15-1 से , रक्षित यादव ने प्रखर गणग्राडे 15-4, 15-7 से, प्रणाम्य तार ने करण



खंडेलवाल को 15-8, 15-5 से, रेवांश कटरे ने आयांश सुराना 14-16, 15-9, 15-11 से , हर्षवर्धन सिंह राजपूत ने सिंधुजय सिंह चौहान को 15-7, 15-8 से हराया।

आरवराज सह बग्गा ने पार्थ पाटीदार को 15-0, 15-3 से,

अध्यांश जैन ने रुचर गुप्ता को 16-14, 16-14 से, हृदान दावर ने तनिष्क राजपूत — 11-15, 15-8, 16-14 से, ह्धान जायसवाल ने साक्षम गुप्ता को 14-16, 16-14, 15-9 से, लक्ष्य सिंह चौहान ने आशष चांसोरिया को 15-9, 15-5 से, मान बड़जात्या ने युवराज कुमावत — 15-9, 15-13 को, अद्वैत पाटीदार ने हर्ष बाधे — 15-3, 15-5 से पराजित किया।

अव्युक्त गुलहाटी ने अथर्व राज को 15-3, 15-4 से, सुचाये देव ने विवान लड्ढा को 15-1, 15-5 से, आरव कश्यप ने निहित मटलान 15-10, 15-4 से, रेयांश जैन ने गर्वित अजनारिया — 15-12, 12-15, 15-11 से हराया।

# जैन नवग्रह जिनालय में नकाबपोश चोरों ने चुराई प्रतिमाएं

## चांदी और अष्टधातु की प्रतिमाओं के अलावा कलश, पांडूशीला भी चुरा ले गए चोर

### सीसीटीवी में दिखे पांच बदमाश, जिनके हाथों में थे हथियारनुमान सामान, जैन समाज में आक्रोश





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

एरोड्रम थाना क्षेत्र में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। एयरपोर्ट रोड स्थित ग्रेटर बाबा परिसर के दिगम्बर जैन अतिश्य क्षेत्र नवग्रह जिनालय जैन मंदिर एरोड्रम रोड में कल रात बदमाशों ने धावा बोला। मंदिर समिति की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस को मिले सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, चोरी की यह वारदात रात करीब 1:30 बजे से 2:30 बजे के बीच हुई। पांच नकाबपोश बदमाश, जो हथियारों से लैस थे, मंदिर के पीछे लगे चैनल गेट का ताला तोड़कर भीतर दाखिल हुए। बदमाश करीब एक घंटे तक मंदिर परिसर के भीतर रहे और इत्मीनान से चोरी की घटना को अंजाम दिया। बदमाशों ने मंदिर से भारी मात्रा में कीमती सामान समेट लिया, जिसमें 5 चांदी की और अष्टधातु की 4 प्रतिमाएं, 24 कलश और 2 शांतिधारा करने चांदी के पात्र, पांडूशीला चांदी की और अन्य पूजन सामग्री भी चोर चुरा ले गए। दानपेटी में भी चोरों ने छेड़छाड़ की। चोरों ने पीतल की मूर्ति, पीतल के पात्र घीसकर देखें और जो पीतल की सामग्री थी उन्हें चोर छोड़ गए। पीतल के छत्र जिन पर पॉलिश थी वे भी चोर छोड़ गए। इसकी जानकारी आज जैसे ही दिगम्बर जैन समाजजनों को लगी वैसे ही समाजजनों ने नाराजगी जाहिर की। चोरी से आक्रोश भी समाज में फैला। चोरी की भनक आज सुबह 5 बजे लगी जब मंदिर के द्वार खुले। सूचना मिलते ही एरोड्रम थाना पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। जांच के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से फिंगरप्रिंट्स और अन्य साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने मंदिर और आसपास के रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं। फुटेज में पांचों बदमाश वारदात को अंजाम देते हुए साफ नजर आ रहे हैं। पुलिस अब उन रास्तों की मैपिंग कर रही है जिनसे बदमाश आए थे और चोरी के बाद फरार हुए। इधर एरोड्रम पुलिस भी आज सुबह पहुंच गई थी, मंदिर से जुड़े नरेन्द्र वेद भी आज सुबह मंदिर पहुंच गए थे, कई समाजजन मंदिर पहुंचे और इस चोरी पर आक्रोश जताया। चोरों ने कई वस्तुओं की घीस-घीसकर देखा, जो चांदी की सामग्री दिखी वह ले गए और जो पीतल की सामग्री थी वे सब छोड़ गए, दान पेटी में भी होल करके देखा कि पैसा है या नहीं, माताजी के मंदिर में भी चोरों ने पीतल का सामान छोड़ दिया।

# एक्टिवा से हो रही थी शराब की तस्करी

### पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा, 400 क्वार्टर जब्त

**इन्दौर।** शहर में अवैध शराब के परिवहन और क्रय-विक्रय पर लगाम कसने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय है। इसी कड़ी में लसूड़िया पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है, जो दुपहिया वाहन के जरिए शराब की खेप ठिकाने लगाने जा रहा था। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक एक्टिवा से अवैध शराब लेकर पिंक सिटी रोड की तरफ से गुजरने वाला है। सूचना की तस्दीक करते हुए पुलिस टीम ने न्यू लोहा मंडी के पास घेराबंदी की। कुछ ही देर में संदिग्ध एक्टिवा सवार आता दिखाई दिया, जिसे पुलिस ने रोककर तलाशी ली। जांच के दौरान आरोपी की एक्टिवा से भारी मात्रा में देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने वाहन से कुल 400 क्वार्टर अवैध शराब जब्त की है। पकड़े गए आरोपी की पहचान चिराग उर्फ चिंटू पिता गोपेंद्र कुमार ठक्कर निवासी महावीर मार्ग, गांधीनगर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से शराब और तस्करी में प्रयुक्त एक्टिवा गाड़ी को विधिवत जब्त कर लिया है।लसूड़िया पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

# नशेड़ी की निशानदेही पर पकड़ा गया मुख्य सप्लायर, एमडी ड्रग्स बरामद

## मोहल्ला मीटिंग की सूचना पर पुलिस का एक्शन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पुलिस द्वारा नशे के नेटवर्क को तोड़ने के लिए जमीनी स्तर पर किए जा रहे प्रयास रंग ला रहे हैं। हीरानगर थाना पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय एक नशाखोर और उसे नशा उपलब्ध कराने वाले सप्लायर को गिरफ्तार कर उनके पास से मादक पदार्थ बरामद किया है।



पुलिस को पूर्व में आयोजित मोहल्ला मीटिंग के दौरान स्थानीय नागरिकों से कुछ संदिग्धों के बारे में गोपनीय सूचनाएं प्राप्त हुई थीं। इन सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने लोकेश बाथम को नशा करते हुए रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस ने आरोपी लोकेश के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/27 के तहत प्रकरण दर्ज किया और जब उससे कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने अपने मुख्य सप्लायर के नाम का खुलासा किया।लोकेश बाथम से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने छोटी भमोरी क्षेत्र में दबिश दी और वहां से पवन ठाकुर नामक व्यक्ति को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान पवन के कब्जे से लगभग 7.5 ग्राम अवैध मादक पदार्थ बरामद हुआ है। आरोपी पवन ने कबूल किया कि वह क्षेत्र में नशा करने वालों को मादक पदार्थ की छोटी-छोटी खेप सप्लाई करता था।

# बिजली के खम्बे पर टेस्टर लगाया तो जली बत्ती



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सुदामा नगर में रहवासियों की जागरूकता से बड़ा हादसा टल गया। दरअसल यहां एक बिजली के खम्बे से करंट आ रहा था। रहवासियों को जब इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने टेस्टर लगाकर करंट चेक किया। जैसे ही टेस्टर लगाया तो टेस्टर की बत्ती जल गई। जिसके बाद इसकी सूचना बिजली विभाग को दी गई। बिजली कर्मचारियों ने आकर करंट के तारों को खम्बे से दूर किया। कुछ रहवासियों का कहना था कि स्ट्रीट लाइट ठीक करने आए कर्मचारियों की लापरवाही से यह हुआ है।

# दोस्त के घर गए युवक की संदिग्ध मौत पिता ने जताया अनहोनी का संदेह

**इन्दौर।** नेहरू नगर में एक 28 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक का नाम अमित पिता यशवंत (28) निवासी विनोबा नगर बताया जा रहा है। अमित की संदिग्ध मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं, जिसके बाद पुलिस मामले की गुत्थी सुलझाने में जुट गई है। बताया जा रहा है कि अमित अपने दोस्त के घर नेहरू नगर गया था। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटा और परिजनों को सूचना मिली कि वह वहां बेसुध पड़ा है, तो हड़कंप मच गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अमित के पिता यशवंत ने पुलिस को दिए बयानों में मामले को संदिग्ध बताया है। पिता का आरोप है कि अमित के साथ कोई अनहोनी हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया है।

# 6 बजे खुलने वाली शराब दुकान पर महिलाओं के विरोध के बाद पहुंची पुलिस




इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

लगातार बंगाली चौराहा स्थित शराब दुकान की शिकायत आ रही थी कि यह दुकान की खिड़की निर्धारित समय के पहले सुबह 6 बजे खोल दी जाती है। सूत्रों का कहना है कि इस मामले में महिलाओं ने विरोध भी किया और पुलिस को जानकारी भी दी। इसके बाद आज सुबह पुलिस 6 बजे से शराब दुकान के बाहर तैनात रही। सूत्रों का यहां तक कहना रहा कि अलसुबह से पीने वाले शराब के लिए यहां पहुंच जाते थे और खिड़की खुलने का इंतजार करते थे। निर्धारित समय के पहले खिड़की खुलती थी, तो शराब भी यहां से महंगी मिलती थी ऐसा आरोप भी महिलाओं ने विरोध के दौरान लगाया। पहले ही रहवासी क्षेत्र में शराब दुकान का विरोध हो रहा है और अब जल्दी दुकान खुलने का विरोध मातृशक्तियों ने किया।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।